वर्ष : 18 अंक: 140 ग्वालियर ● शनिवार 21 जून 2025 ● पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रु.

दैनिक
मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित

# चम्बल सुर्खी

उत्कृष्ट एवं सफल प्रकाशन के 37 वर्ष
निष्पक्ष एवं निर्भीक विचारों का प्रवक्ता

आज का तापमान
अधिकतम 33 डिग्री
न्यूनतम 26 डिग्री

लालटेन-पंजे वाले कहते हैं परिवार का साथ, परिवार का विकास

## RJD बाबा साहेब को पैरों में रखती है, मैं दिल में रखता हूं-पीएम मोदी

पुष्कर। सीवान (ए.)



PM नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को सीवान के जसौली में सभा को संबोधित किया। 35 मिनट के भाषण में PM ने RJD और कांग्रेस को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि पंजे और लालटेन के शिकंजे ने बिहार को पलायन का प्रतीक बना दिया था। आपने मिलकर बिहार में जंगलराज का सफाया किया है। नौजवानों ने बिहार की बदहाली के सिर्फ किस्से और कहानी सुनी हैं। उन्हें अंदाजा नहीं है जंगलराज वालों ने बिहार की क्या हालत बना दी थी। PM ने कहा कि RJD बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है। RJD और कांग्रेस बिहार और निवेश विरोधी हैं। PM ने करीब 10 हजार करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पाटलिपुत्र- गोरखपुर वंदे भारत को हरी झंडी दिखाई।

अंबेडकर का अपमान किया- 'RJD वालों ने बाबा साहेब की तस्वीर के साथ क्या किया था। बिहार में पोस्टर लगे हैं। माफी मांगों, लेकिन ये लोग कभी माफी नहीं मांगेंगे। इनके अंदर दलित और अति पिछड़ों के लिए कोई सम्मान नहीं है। RJD बाबा साहेब को अपने पैरों में रखती है। मोदी उन्हें अपने दिल में रखता है।

सीवान को पिछड़ा कहा, अब अफ्रीका जा रहा इंजन- आज पहला इंजन अफ्रीका को एक्सपोर्ट किया जा रहा है। अफ्रीका में भी बिहार की जय-जयकार होने वाली है। मढ़ौरा में इसकी फैक्ट्री है।

# अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन किया: खाने पर बुलाया था, मैंने मना किया और कहा- महाप्रभु की धरती पर जाना जरूरी है-पीएम मोदी

भुवनेश्वर (ए.)

पीएम मोदी ने शुक्रवार को भुवनेश्वर में कहा कि ओडिशा में डबल इंजन सरकार से लोगों को डबल बेनिफिट मिल रहा है। आज के दिन ओडिशा में भाजपा सरकार एक साल पूरे कर लिए हैं। यह सिर्फ सरकार की एनिवर्सिरी नही है। यह एक स्थापित सरकार की एनिवर्सिरी है। गुडगवर्नेंस की एनिवर्सिरी है। मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जिक्र किया। उन्होंने कहा- 2 दिन पहले मैं जी-7 में हिस्सा लेने कनाडा गया था। राष्ट्रपति ट्रम्प ने फोन किया और खाने के लिए बुलाया। मैंने उन्हें नम्रतापूर्वक मना किया और कहा कि मेरा महाप्रभु की धरती पर जाना जरूरी है। महाप्रभु की भक्ति और आपके प्यार में मैं यहां चला आया।





इससे पहले पीएम ने ओडिशा में भाजपा सरकार के एक साल पूरा होने पर 2036 तक विकसित ओडिशा और 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के लिए विजन डॉक्यूमेंट्स जारी किया। इससे पहले उन्होंने एयरपोर्ट से जनता मैदान तक रोड शो किया। पहले ओडिशा के किसानों को किसान सम्मान निधि का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था। जब ओडिशा के किसानों को केंद्र और राज्य दोनों का डबल लाभ मिलना शुरू हो गया है। धान का अधिक मूल्य देने की गारंटी दी है, उसका लाखों किसानों को लाभ मिला है। पहले कई योजनाओं का पूरा लाभ नहीं मिल पाता था, आज केंद्र और राज्य दोनों सरकारों की योजनाओं का फायदा लोगों को मिल रहा है।

हमारी सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि वंचितों के सशक्तिकरण की रही है। ओडिशा में जनजातीय समाज रहता है। अतीत में उसे निरंतर उपेक्षा मिली। उनके हिस्से पिछड़ापन, गरीबी, अभाव आया। जिस पार्टी ने लंबे समय तक देश में शासन किया, उसने आदिवासियों को अपनी राजनीति के लिए इस्तेमाल किया। उन लोगों ने आदिवासी समाज को न विकास दिया न भागीदारी दी। नक्सलवाद और हिंसा की आग में धकेल दिया।

आदिवासी क्षेत्र नक्सलवाद की चपेट में था। रेड कॉरिडोर के नाम पर बदनामी मिल रही थी। हमने आदिवासी समाज को हिंसा से निकालकर विकास के रास्ते पर ले जाने का काम किया है। एक तरफ हमने हिंसा फैलाने वालों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया, दूसरी तरफ आदिवासी क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाई। आज देश में 20 से कम जिलों में नक्सली बचे हैं। जिस तेजी से कार्रवाई हो रही है, उससे बहुत जल्द आदिवासी समाज को मुक्ति मिलेगी, आतंकवाद खत्म होगा, ये मोदी की गारंटी है।

देश की पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति, ओडिशा की बेटी मुर्मू जी ने इस योजना के लिए मार्गदर्शन दिया है। इसके तहत आदिवासियों में भी अति पिछड़ी आदिवासी की मदद के लिए काम हो रहा है। मछुआरों के लिए पहली बार पीएम मत्स्य संपदा योजना बनाई गई है। ये देश व्यापी है। मछुआरों को भी किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा मिली है। 25 हजार रुपए का विशेष फंड बनाने जा रही है। इसका लाभ मछुआरों को होगा, नौजवानों को होगा।

## अवध असम एक्सप्रेस ने रेलवे ट्रॉली को उड़ाया,1 की मौत: कटिहार में हादसा, 3 कर्मचारियों की हालत गंभीर

ट्रैक पर काम रही थी टीम

कटिहार (ए.)



कटिहार में शुक्रवार को अवध असम एक्सप्रेस (15910) ट्रेन ने रेलवे ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे में ट्रॉली पर काम कर रहे एक ट्रॉलीमैन की मौत हो गई है। इस हादसे में 3 गंभीर रूप से घायल हैं। हादसा सोनपुर रेल डिवीजन की है। कटिहार बरौनी रेल खंड के काढागोला और सेमापुर के बीच महारानी गांव के पास हादसा हुआ है। ट्रेन बरौनी से कटिहार डाउन लाइन पर आ रही थी। बताया जा रहा है कि रेलवे ट्रॉली पर 4 कर्मचारी ट्रैक का काम देख रहे थे। तभी पीछे से अवध असम एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन ने ट्रॉली को टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रेन कटिहार जंक्शन में एक घंटे से ज्यादा देर तक खड़ी रही। 3.20 में ट्रेन वहां से रवाना हुई। इसके बाद उसे रवाना कर दिया गया है। रेलवे ट्रॉली को ट्रैक से हटाया गया है।

## एअर इंडिया की आज 9 फ्लाइट्स कैंसिल: अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 9 दिन में 84 उड़ानें रद्द

अहमदाबाद (ए.)




एअर इंडिया ने शुक्रवार को 9 फ्लाइट्स कैंसिल कर दी हैं। इनमें 4 इंटरनेशनल और 5 डोमेस्टिक हैं। एअर इंडिया ने बताया कि एयरपोर्ट पर मेंटेनेंस और ऑपरेशनल वजहों से इन उड़ानों को रद्द किया गया है। डोमेस्टिक फ्लाइट्स में पुणे से दिल्ली जा रही फ्लाइट AI874, अहमदाबाद से दिल्ली की फ्लाइट AI456, हैदराबाद से मुंबई की फ्लाइट AI2872 और चेन्नई से मुंबई की फ्लाइट AI571 कैंसिल हुई हैं। वहीं, इंटरनेशनल फ्लाइट्स में दुबई से चेन्नई आ रही फ्लाइट AI906, दिल्ली से मेलबर्न जा रही फ्लाइट AI308, मेलबर्न से दिल्ली आ रही फ्लाइट AI309 और दुबई से हैदराबाद आ रही फ्लाइट AI2204 शामिल हैं। वहीं, दिल्ली से पुणे जा रही फ्लाइट से पक्षी टकराया गया, जिसके चलते विमान की रिटर्न जर्नी कैंसिल कर दी गई है। इस तरह अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद 9 दिन में अलग-अलग वजह से अब तक 84 उड़ानें रद्द की गई हैं। 12 जून को हुए प्लेन क्रैश हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद से हर एयरपोर्ट पर विमानों की ऑपरेशनल चेकिंग को

## शाह के दौरे से पहले 8 लाख की इनामी-नक्सली ढेर

कांकेर में जंगल से शव और हथियार बरामद, शांति पहले गरियाबंद इलाके में थी एक्टिव

कांकेर (ए.)



छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे से पहले जवानों ने मुठभेड़ में 8 लाख की इनामी महिला नक्सली को मार गिराया है। जवानों ने मौके से महिला नक्सली का शव और राइफल समेत कई हथियार बरामद किया है। मामला छोटेबेटिया थाना क्षेत्र के आमाटोला इलाके का है। मिली जानकारी के मुताबिक जवानों को सूचना मिली थी कि आमाटोला और कलपर इलाके में 15-20 नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी। इसके बाद छ्ग और BSF की संयुक्त टीम को ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। इसी दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। पुलिस अधीक्षक आइके एलिसेला ने बताया कि आमाटोला-कलपर मुठभेड़ में मारी गई महिला नक्सली की पहचान PLGA कैडर शांति देवे के रूप में हुई है, जो बीजापुर जिले के गुंडेम की रहने वाली थी। शांति पहले गरियाबंद क्षेत्र की गोबरा एरिया कमेटी में सक्रिय थी।

## रेपिस्ट को फांसी की सजा बदलकर 25 साल कारावास दिया

जबलपुर/खंडवा (ए.)

एमपी हाईकोर्ट ने कहा- वह निरक्षर, अच्छी शिक्षा नहीं मिली, इसलिए अपराध किया



मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 4 साल की बच्ची के साथ रेप के दोषी को राहत दी है। हाईकोर्ट की जबलपुर बेंच ने उसकी फांसी की सजा को 25 साल की सजा में बदल दिया है। जस्टिस विवेक अग्रवाल और जस्टिस देवनारायण मिश्रा की डिवीजन बेंच ने कहा, दोषी निरक्षर और आदिवासी है। बचपन में उसे अच्छी शिक्षा नहीं मिली, जिसके चलते उसने यह अपराध किया था।

मामला खंडवा जिले में 30 और 31 अक्टूबर 2022 की दरमियानी रात का है। 4 साल की बच्ची अपने घर में सो रही थी। इसी दौरान परिजन उठे तो वह बिस्तर पर नहीं दिखी। तलाश करने पर बच्ची घर के पास बने आम के बगीचे में मरणासन्न हालत में मिली। खंडवा में प्राथमिक उपचार के बाद उसे इंदौर रेफर किया गया था। पुलिस ने आरोपी राजकुमार को 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया। अप्रैल 2023 में ट्रायल कोर्ट ने बच्ची के साथ रेप और हत्या के प्रयास के आरोप को सही पाते हुए उसे फांसी की सजा सुनाई थी।

राष्ट्रपति मुर्मू की आंखों से बहने लगे आंसू

## देहरादून में दिव्यांग बच्चों ने बर्थडे पर गाना गाया, बोलीं- इनके गले में मां सरस्वती बैठी

देहरादून (ए.)



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का आज शुक्रवार को 67वां जन्मदिन है। राष्ट्रपति उत्तराखंड के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। गुरुवार को वह देहरादून पहुंचीं, जहां दिव्यांग बच्चों ने अनूठे अंदाज में उन्हें जन्म दिन की बधाई दी। बच्चों ने बार-बार ये दिन आए गीत गाया। गीत सुनकर राष्ट्रपति मुर्मू भावुक हो गईं। उनकी आंखों से आंसू निकलने लगे। पीछे खड़े सिक्योरिटी कर्मी ने राष्ट्रपति को रुमाल दिया। करीब 1 मिनट राष्ट्रपति रोती रहीं, रुमाल से अपने आंसू पोंछते नजर आईं। इसका VIDEO शुक्रवार को सामने आया। राष्ट्रपति गुरुवार शाम 5 बजे देहरादून के राजपुर रोड स्थित राष्ट्रपति आशियाना पहुंची थीं। उनके आगमन पर देहरादून में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## राजनाथ सिंह SCO की मीटिंग में हिस्सा लेने चीन जाएंगे: 7 साल बाद किसी भारतीय मंत्री का दौरा

नई दिल्ली/बीजिंग (ए.)

पाकिस्तानी रक्षा मंत्री भी पहुंचेंगे



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 25 से 27 जून तक चीन के किंगदाओ शहर में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (SCO) की रक्षा मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ भी शामिल होंगे। यह किसी भी भारतीय मंत्री का 7 साल बाद चीन का दौरा होगा। इससे पहले अप्रैल 2018 में उस समय की विदेश मंत्री सुषमा स्वराज गई थीं। यह दौरा ऐसे वक्त में हो रहा है जब भारत और चीन के बीच रिश्ते सामान्य करने की कोशिशें चल रही हैं। व्यापार, यात्रा और संवाद फिर से शुरू हो चुके हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा चालू है और डेपसांग और डेमचोक में गश्त की जानकारी भी सामने आई है। राजनाथ की चीनी रक्षा मंत्री से द्विपक्षीय वार्ता होगी राजनाथ सिंह की मुलाकात चीन के रक्षा मंत्री एडमिरल डोंग जून से द्विपक्षीय वार्ता के तौर पर भी होगी। इस दौरान दोनों देशों के बीच वीजा नीति, कैलाश यात्रा, जल आंकड़ों का साझा करना और हवाई संपर्क बहाल करने जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

## गुरुग्राम में 8 इंटरनेशनल ड्रग तस्कर पकड़े गए, 7 विदेशी:1 करोड़ की कोकीन-सुल्फा जब्त

42 मोबाइल-नकदी बरामद, वैध दस्तावेज नहीं मिले

गुरुग्राम (ए.)



गुरुग्राम में पुलिस ने एक इंटरनेशनल ड्रग रैकेट का पर्दाफाश करते हुए बड़ी कामयाबी हासिल की है। सेक्टर-43 अपराध शाखा की टीम ने नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए सात विदेशी नागरिकों समेत कुल आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से करीब एक करोड़ रुपए की कीमत का नशा बरामद किया है। विश्वसनीय सूचना के आधार पर इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

# मध्यप्रदेश को बनाएंगे देश की डेयरी केपिटल : मुख्यमंत्री

पशुपालन एवं डेयरी विभाग अब पशुपालन, डेयरी एवं गौपालन विभाग होगा

गौशालाओं को 90 करोड़ रूपये की अनुदान राशि की अंतरित

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्यप्रदेश को देश की डेयरी केपिटल बनाएंगे। पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास परिसर में राज्य स्तरीय गौशाला सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। सम्मेलन में प्रदेश भर से आए गौ-पालकों और गौ-शाला संचालकों ने उत्साह से भागीदारी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गौ-शालाओं को 90 करोड़ रुपए की अनुदान राशि अंतरित सिंगल क्लिक से की। इस अवसर पर भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के तीन हितग्राहियों को प्रतीक स्वरूप ऋण स्वीकृति आदेश भी दिए गए।



मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के ठोस प्रयास

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को देश की दुग्ध राजधानी बनाना है, राज्य शासन द्वारा इसके लिए अनेक कदम उठाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश नदियों का मायका है। पूरा प्रदेश वनों से आच्छादित है। वर्ष 2002-03 तक पशुपालन विभाग का बजट सिर्फ 300 करोड़ था, जो बढ़कर अब 2600 करोड़ हो गया है। किसी समय प्रदेश में फैट मात्रा के अनुसार दूध खरीदने की व्यवस्था लागू की गई थी। राज्य सरकार ने अमृत समान गौ-माता का दूध खरीदने का निर्णय लिया है, ताकि गौ-पालकों तक लाभ पहुंचे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गाय का दूध सम्पूर्ण आहार है। राज्य में हाईटैक गौशालाएं संचालित हो रही हैं। सरकार का अर्थ ही यह है कि गरीबों के जीवन से कष्टों का नाश हो और सुख का मार्ग प्रशस्त हो।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक रामविलास शर्मा द्वारा चम्बल प्रिंटिंग प्रेस इण्डस्ट्रीज एरिया बानमोर से मुद्रित व एस 12 द्वितीय तल रायल प्लाजा पुराने हाईकोर्ट के सामने ग्वालियर से प्रकाशित । प्रधान संपादक रामविलास शर्मा मोबा.- 9329077393
email-chambalsurkhi@yahoo.com आर.एन.आई. पंजीयन नं MPHIN/2007/20705 सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र मुरैना रहेगा। कानूनी सलाहकार युवराज कुलश्रेष्ठ एडवोकेट मो.9229842150 फोन- (07532)- 225779,9827679954

# मानसूनी मौसम में सर्पदंश की घटनाओं के प्रति सर्तक रहें-डीएम

## स्नैक बाइट के मामले में उपचार हेतु तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जायें



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा ने जिले के लोगों से अपील की है कि वर्षाकाल के दौरान मानसूनी मौसम में सर्पदंश की घटनाओं के प्रति सर्तक एवं सजग रहें। स्नैक बाइट के मामले में पीडित को तुरंत उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र ले जायें। उन्होने कहा कि बारिश के दौरान सर्पदंश की घटनाएं सामने आती है, इस मामले में लोगों को सर्तक रहना चाहिए। उन्होने कहा कि बाहर निकलते समय जूते पहनकर निकले तथा रात्रि के समय टार्च का इस्तेमाल करें, ग्रामीण क्षेत्र में इस प्रकार की घटनाओ को रोकने के लिए सर्तकता बरती जायें। खेतो पर जाते समय रास्ते में देखकर चले तथा जल भराव वाले क्षेत्र में न जायें। घरो के अंदर पर्याप्त रोशनी रखी जाये तथा नियमित रूप से साफ-सफाई की जायें। इस मौसम में जमीन पर सोने से बचें, सोने के लिए पंलग, खाट अथवा तख्त का इस्तेमाल करें। घर के आसपास झाडिया, घास आदि की साफ-सफाई रखी जाये। सर्पदंश से बचने के लिए बारिश के मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए, खासकर जब सांपों के निकलने की संभावना बढ़ जाती है। घर के प्रवेश द्वारों, जैसे कि किचन और बाथरूम में विशेष ध्यान देना चाहिए, और उन्हें बंद रखना चाहिए। ज़मीन पर सोने से बचना चाहिए और यदि ज़मीन पर सोना ही पड़े, तो अच्छी तरह से जाँच कर लेनी चाहिए। जब आप बाहर हों, तो घास या झाड़ियों में न चलें, और यदि चलना ही पड़े, तो सावधानी से चलें। जब आप बाहर हों, तो पूरे बाजू के कपड़े और जूते पहनें। टॉर्च का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि दुर्घटनावश सांप के काट ले तो, सबसे पहले 108 नंबर पर कॉल करके तुरंत चिकित्सा सहायता लें तथा तत्काल उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर लेकर जायें, पीड़ित को शांत रखें, उसे हिलने-डुलने न दें, और सांप के काटने के स्थान को हृदय के स्तर से नीचे रखें। काटने के स्थान को साबुन और पानी से धो लें और एक साफ, सूखी पट्टी से ढक दें। शांत रहने से जहर के फैलने की गति धीमी हो सकती है। पीड़ित को स्थिर रखें, उसे हिलने-डुलने न दें। जितना कम वह चलेगा, जहर उतना ही कम फैलेगा। काटने के स्थान को हृदय के स्तर से नीचे रखें, यदि हाथ या पैर में काटा है, तो उसे शरीर के बाकी हिस्सों से नीचे रखें। काटने के स्थान को साफ करें, घाव को साबुन और पानी से धो लें। पट्टी बांधें, घाव को एक साफ, सूखी पट्टी से ढक दें। पट्टी को कसकर न बांधें, इससे रक्त का प्रवाह बाधित हो सकता है। कटोरे या चीरा न लगाएं, इससे संक्रमण का खतरा बढ़ सकता है। मुंह से जहर चूसने की कोशिश न करें, यह खतरनाक हो सकता है। पीड़ित को कुछ भी खाने या पीने को न दें, इससे उल्टी हो सकती है और जहर फैल सकता है। ओझा या झाड़-फूंक करने वाले के पास न जाएं, यह समय बर्बाद करने और स्थिति को और खराब करने जैसा है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सांप के काटने के बाद जितनी जल्दी चिकित्सा सहायता मिलेगी, उतनी ही बेहतर रिकवरी की संभावना होगी।

# अतंर्राष्ट्रीय योग दिवस आज 21 जून को

## सांसद श्री तोमर के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम



**श्योपुर ब्यूरो।** अतंर्राष्टीय योग दिवस आज 21 जून के अवसर पर जिला एवं ब्लॉक तथा पंचायत स्तर पर सामुहिक योग कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिला स्तरीय कार्यक्रम सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर के मुख्य आतिथ्य में नगरपालिका के शिवपुरी रोड स्थित आडीटोरियम में होगा। योग फॉर वन अर्थ-वन हेल्थ थीम पर सामुहिक योग का कार्यक्रम प्रातः 06 बजे से शुरू होगा। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा अंतर्राष्टीय योग दिवस पर आयोजित संपूर्ण जिले में मुख्य कार्यक्रमों के आयोजन हेतु सीईओ जिला पंचायत श्री अतेन्द्र सिंह गुर्जर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके साथ ही जिला मुख्यालय पर आडीटोरियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के लिए सहायक संचालक शिक्षा श्री यश जैन को नोडल बनाया है। इस कार्यक्रम के लिए सीएमओ श्री राधेरमण यादव को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि पूर्व वर्षो की भांति 21 जून 2025 को 11वे अतंर्राष्टीय योग दिवस का आयोजन किया जा रहा है, जिसके लिए योग फॉर वन अर्थ-वन हेल्थ थीम निर्धारित की गई है। जिला आयुष अधिकारी डॉ जीपी वर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्टीय योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 7.45 बजे तक योग संगम कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा, नगरपालिका आडीटोरियम में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान प्रातः 6 बजे से 6.30 बजे तक सांसद श्री शिवमंगल सिंह तोमर सहित स्थानीय जनप्रतिनिधियों का उद्बोधन होगा, इसके उपरांत प्रातः 6.30 बजे से 6.40 बजे तक माननीय मुख्यमंत्री जी के उद्बोधन का भोपाल से सीधा प्रसारण होगा, ततपश्चात् प्रातः 6.40 बजे से 7 बजे तक माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के उद्बोधन का विशाखापट्टनम से सीधा प्रसारण संपन्न होगा। प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिलीप सिकरवार ने बताया कि श्योपुर जिले की सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, संजीवनी क्लीनिको एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर भी अंतर्राष्टीय योग का आयोजन किया जायेगा।

# अर्रोदरी में मानसूनी आपदाओं से बचाव के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में आपदा प्रबंधन संस्थान भोपाल के सहयोग से एविटाज फाउंडेशन द्वारा विजयपुर विकासखण्ड क्षेत्र के ग्राम अर्रोदरी में मानसूनी आपदाओं से बचाव एवं सर्तकता पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि मानसून के दौरान अचानक आई बाढ़, खेतों व रास्तों में जलभराव, कच्चे मकानों को नुकसान और सर्पदंश की घटनाएं आम होती हैं। इनसे बचने के लिए समय रहते आवश्यक तैयारी करना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों को सलाह दी गई कि वे अपने घरों और आसपास की नालियों की सफाई रखें, जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त, आपदा की स्थिति से निपटने के लिए ग्रामीणों को यह भी सुझाव दिया गया कि जलभराव वाले क्षेत्रों में आवागमन से बचे, प्राथमिक राहत सामग्री जैसे सूखा खाद्यान्न, पीने का पानी, टॉर्च, बैटरी, रेडियो और आवश्यक दस्तावेज़ों को सुरक्षित प्लास्टिक थैली में पहले से तैयार रखें। खेतों या जलजमाव वाले स्थानों में काम करते समय रबर के जूते पहनें और अंधेरे में टॉर्च का उपयोग करें। इस मौके पर ग्रामीणों को यह भी संदेश दिया गया कि सक्षम समुदाय वह होता है जो आपदा आने पर डरता नहीं, बल्कि संगठित होकर उसका सामना करता है। आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाता है। स्थानीय संसाधनों और पारंपरिक ज्ञान का उपयोग कर समुदाय को मजबूती दी जा सकती है। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाएं बनानी चाहिए। बैठक के अंत में ग्रामीणों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समय से मिली जानकारी से न केवल सतर्कता बढ़ती है बल्कि सामूहिक तैयारी की भावना भी सशक्त होती है। इस कार्यक्रम में सहायक सचिव श्री लक्ष्मण सिंह रावत, आशा कार्यकर्ता श्रीमती रामा रावत, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती भरोसी रावत, शिक्षक श्री अरविंद गौर, श्री लवकुश गौर, श्री मितलेश मीना, स्वयंसेवक श्री रामसिंह रावत तथा एविटाज फाउंडेशन से प्रोग्राम ऑफिसर श्री नीरज भार्गव सहित संबंधित विभागों के प्रतिनिधि और फाउंडेशन टीम के सदस्य उपस्थित रहे।

# विजयपुर, वीरपुर में 21 जून को विधुत प्रदाय बंद रहेगा

**श्योपुर ब्यूरो।** 132/33 केवी विजयपुर स्थित बंधपुरा उपकेंद्र पर रखरखाव कार्य के चलते 33 केव्ही, विजयपुर, वीरपुर, अगरा, दोर्द एवं गढ़ी फीडर से 21 जून को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक विधुत का प्रदाय बंद रहेगा। विधुत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि 21 जून को विजयपुर शहर एवं उसके आसपास के गांव तथा वीरपुर, अगरा, दौर्द, गढ़ी क्षेत्र में विधुत की सप्लाई बंद रहेगी।

# मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 जून को

**भिण्ड।** बूथ लेवल ऑफिसर्स के लिए राष्टीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय एवं विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण कार्यक्रम आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में 21 जून को समय 10 बजे से 6 बजे तक आयोजित किया जायेगा। प्रशिक्षणार्थियों को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर (SLMT), जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर (DLMT), विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर (ACLMT) का प्रशिक्षण दिया जायेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संबोधित करेंगे। प्रशिक्षण में विधिक प्रावधान एवं निर्वाचक नामावली प्रक्रिया, रोल प्ले, फॉर्मो को भरना तथा केस स्टडीज, बीएलओ ऐप एवं फॉर्म भरने के अभ्यास का आंकलन तथा शंका समाधान किया जायेगा। उक्त प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग में प्रशिक्षित सफल बीएलओ भी उपस्थित रहेंगे।

# 21 जून को मनाया जायेगा 11वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

## जिला स्तरीय कार्यक्रम आई.टी.आई. परिसर में प्रातः 6 बजे से 7.45 बजे तक होगा, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला के मुख्य आतिथ्य में आयोजित होगा कार्यक्रम

**भिण्ड ब्यूरो।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 21 जून को 11वां अंतर्राष्टीय योग दिवस मनाया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आई.टी.आई. परिसर भिण्ड में 21 जून 2025 दिन शनिवार को प्रातः 6 बजे से 07.45 बजे तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें प्रधानमंत्री जी के उद्धबोधन एवं मुख्यमंत्री जी के उद्धबोधन का सीधा प्रसारण देखा एवं सुना जायेगा। जिला आयुष अधिकारी डॉ नीलम कुशवाह ने बताया कि 11वां अंतर्राष्टीय योग दिवस ÷एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर मनाया जा रहा है। जिसमें शासन द्वारा निर्धारित कॉमन योग प्रोटोकॉल के आधार पर योग करवाया जाएगा। जिसमें सभी जनप्रतिनिधिगण तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहेंगे। जिले के नागरिकों से भी अपील है कि अंतर्राष्टीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में आईटीआई परिसर भिण्ड में उपस्थित होकर इस कार्यक्रम में सहभागिता करें।

# बाढ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत

**श्योपुर।** श्योपुर जिले में चंबल एवं पार्वती नदी में पिछले वर्षो में आई बाढ़ तथा वर्तमान में बारिश के दौरान बाढ़ की संभावनाओं को दृष्टिगत रखते हुए बाढ एवं राहत कार्यो के लिए कलेक्टेड्ढ श्योपुर में स्थापित बाढ नियंत्रण कक्ष 24 घंटे कार्यरत है, नियंत्रण कक्ष का दूरभाष क्रमांक 07530-222631 एवं 07530-221459 है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा द्वारा बाढ़ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी के रूप में डिप्टी कलेक्टर श्री संजय जैन को नियुक्त किया गया है, जिनका मोबाइल नंबर 7987105924 है। इसके साथ ही बाढ नियंत्रण कक्ष में तीन पालियों में कर्मचारियों को नियुक्त किया गया है।

# आयुष्मान भारत निरामयम अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच जारी, भीखापुर पहुंची आरबीएसके टीम



**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार आयुष्मान भारत निरामयम 2.0 अभियान के तहत आशा कार्यकर्ता एवं आशा सुपरवाईजर द्वारा घर-घर जाकर 4 प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदाय की जा रही है। जिसके तहत बच्चों की एचबीएनसी एवं एचबीवाईसी के तहत जांच जैसे वजन लेना, तापमान लेना, धडकन देखना, उपचार देना आदि सुविधाएं भी प्रदाय की जा रही है। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम द्वारा भी गांव में पहुंचकर बच्चों का फॉलोअप किया जा रहा है। इसी क्रम में श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम भीखापुर में आरबीएसके की टीम द्वारा 18 दिन पहले जन्में बालक कृष्णा का स्वास्थ्य परीक्षण कर फॉलोअप किया गया। बच्चें का वजन आदि लेकर उपचार प्रदान किया गया। फॉलोअप टीम में बीसीएम श्रीमती नीतू तोमर, आरबीएसके प्रभारी श्रीमती स्नेहलता गुर्जर, डॉ सबीना खान आदि शामिल रहें। सीएमएचओ डॉ. डीएस सिकरवार ने बताया कि उक्त अभियान अंतर्गत जो 4 प्रकार की सेवाएं डोर टू डोर उपलब्ध कराई जा रही है, उनमें 70 वर्ष से अधिक उम्र के हितग्राहीयों के आयुष्मान कार्ड बनाये जाने, स्वास्थ्य सेवा में हाईरिस्क बच्चे मिलने पर उनको स्वास्थ्य संस्थाओं में रेफर कर उपचार कराना तथा स्वास्थ्य सेवा में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के फोलोअप करना और कोई खतरे के लक्षण होने पर उनको स्वास्थ्य संस्था पर समय पर रेफर कर उपचार उपलब्ध कराना शामिल है।

# विधुत बिलो की बकाया राशि जमा करने की अपील

**श्योपुर ब्यूरो।** मध्यप्रदेश विधुत वितरण कंपनी के महाप्रबंधक श्री आरके सक्सैना ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि विधुत कनेक्शन की बकाया राशि का भुगतान समय से करें, उन्होने कहा कि स्थाई विधुत उपभोक्ता द्वारा विधुत देयको तथा सर्तकता जांच की बकाया राशि का संपूर्ण भुगतान जमा न करने की स्थिति में म.प्र. विद्युत नियामक आयोग द्वारा जारी म.प्र. विद्युत प्रदाय संहिता 2021 में निहित प्रावधान के अनुसार विधुत कनेक्शन 90 दिवस पश्चात कंपनी द्वारा स्थाई रूप से विच्छेदित किया जा सकता है। कनेक्शन स्थाई विच्छेदित करने के पश्चात विद्युत का उपयोग करते हुये पाये जाने पर उसके विरूध्द विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135 अन्तर्गत विद्युत चोरी का प्रकरण दर्ज किया जा सकेगा। यदि उपभोक्ता का कनेक्शन बकाया राशि होने पर स्थाई विच्छेदित किया जाता है तो, उपभोक्ता को पुनः नवीन कनेक्शन लेने हेतु पूर्व के विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि, नवीन कनेक्शन शुल्क राशि एवं विद्युत लाईन विस्तार हेतु आवश्यक राशि जमा करने पर ही नवीन कनेक्शन दिया जा सकता है। उन्होने श्योपुर वृत्त के स्थाई विद्युत उपभोक्ताओ से अनुरोध किया है कि, अपने विद्युत कनेक्शन की बकाया राशि का भुगतान समय से करें जिससे विद्युत संबंधी होने वाली असुविधा से बचा जा सके।

# 21.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**श्योपुर ब्यूरो।** श्योपुर जिले में 20 जून को 21.08 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार दिनांक 20 जून को श्योपुर में 6.2, बडौदा में 7.0, कराहल में 28.2, विजयपुर में 29, वीरपुर में 35 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस वर्ष दिनांक 01 जून 2025 से अभी तक जिले में कुल 57.84 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। गत वर्ष इस अवधि तक 8.8 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की औसत की वर्षा 822 मिली मीटर है।

# एनसीसी शिविर का सफल समापन, 400 कैडेटों का बहुआयामी प्रशिक्षण पूर्ण




**भिण्ड ब्यूरो।** भिण्ड शहर के आईटीआई परिसर में 30 एमपी बीएन एनसीसी भिण्ड द्वारा आयोजित दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आज 20 जून 2025 को सफलतापूर्वक समापन हो गया है। यह शिविर 11 जून 2025 को शुरू हुआ था और इसमें भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर और शिवपुरी जिलों से कुल 400 एनसीसी कैडेट्स ने भाग लिया। इस दौरान कैडेट्स को न केवल सैन्य प्रशिक्षण दिया गया, बल्कि उन्हें एक जिम्मेदार और अनुशासित नागरिक बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। शिविर के समापन समारोह में कमान अधिकारी श्री कुलवंत सिंह कुहाड़ ने कैडेट्स को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिविर के दौरान कैडेट्स द्वारा दिखाए गए उत्साह, अनुशासन और कड़ी मेहनत की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने विशेष रूप से फायरिंग, ड्रिल, मैप रीडिंग, सिविल डिफेंस, आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे विभिन्न प्रशिक्षण सत्रों में कैडेट्स की सक्रिय भागीदारी और उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को सराहा। कमान अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि इस शिविर ने कैडेट्स के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, जिससे उनमें नेतृत्व क्षमता, टीम वर्क और राष्ट्रभक्ति जैसे गुण विकसित हुए हैं। कर्नल कुलवंत सिंह कुहाड़ ने कैडेट्स को भविष्य में अपने व्यक्तिगत कौशल को लगातार विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह युवाओं को सशक्त बनाने का एक माध्यम भी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि 30 एमपी बीएन एनसीसी कैडेट्स के कौशल विकास में हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि शिविर के बाद भी बटालियन कैडेट्स के लिए फायरिंग कक्षाएं आयोजित करेगी, ताकि वे अपने निशानेबाजी कौशल को और अधिक निखार सकें और भविष्य में होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए तैयार हो सकें। इस अवसर पर कर्नल अवनींदर सिंह और सूबेदार मेजर मदन सिंह, अन्य पीआई स्टाफ और सभी एएनओ भी उपस्थित रहे। समापन समारोह में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेट्स को मैडल प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# संयुक्त संचालक द्वारा जरूरतमंद बालकों से की गई भेंट

## जानी विभागीय योजनाओं की जमीनी हकीकत......

## समय पर लाभ दिए जाने के निर्देश दिए गए



**भिण्ड ब्यूरो।** शासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद एवं स्पॉन्सरशिप योजना अंतर्गत देखरेख एवं संरक्षण के जरूरतमंद बालकों को 4000 की सहायता राशि प्रति माह के मान से लाभान्वित किया जा रहा है ऐसे बच्चे जिनके माता-पिता दोनों की मृत्यु हो चुकी है और जो अपने विस्तृत परिवारजन, रिश्तेदार के साथ निवासरत हैं बच्चों को शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली राशि का उपयोग उनके भरण पोषण शिक्षा स्वास्थ्य देखभाल व अन्य अनिवार्य जरूरत की पूर्ति उनके संरक्षकों द्वारा किया जा रहा है अथवा नहीं ,उक्त के संबंध में जानकारी हेतु संभागीय संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास डी के सिद्धार्थ द्वारा जिला भिंड अंतर्गत लाभान्वित किया जा रहे बालको से मुलाकात की। संयुक्त संचालक के साथ जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन तिवारी के निर्देशन में महिला बाल विकास से बाल संरक्षण अधिकारी अनिल कुमार शर्मा ,परियोजना भिंड ग्रामीण से ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश शर्मा, भिंड शहरी परियोजना से पर्यवेक्षक सुलक्षणा चौरसिया, साधना चौधरी, रजनी कुशवाह उपस्थित रहे। सबसे पहले संयुक्त संचालक द्वारा निरंजना नगर वार्ड नंबर 24, वीरेंद्र नगर वार्ड 7 और माता दीन का पुरा वार्ड 39 में ऐसे बच्चों से मुलाकात की गई, इस दौरान उन्होंने बच्चों के साथ उनके संरक्षण से संपर्क किया और शासन द्वारा दी जा रही राशि ,संरक्षक व परिवारजन द्वारा बच्चों के प्रति व्यवहार उनकी देखरेख व्यवस्थाओं की एवं विद्यालयीन शिक्षा की जानकारी ली गई बच्चों ने अपने संरक्षक के साथ अच्छी तरह रहना व शिक्षा प्राप्त करना बताया गया । बच्चों के संरक्षकों ने शासन से नियमित रूप से निर्धारित लाभान्वित राशि प्राप्त होना बताया एवं किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होना बताया । उक्त के पश्चात संयुक्त संचालक महोदय द्वारा जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय उपस्थित होकर समस्त स्टेकहोल्डरों की बैठक आयोजित की गई जिसमें सभी को निर्देश दिए गए कि ऐसे बच्चों का सतत निगरानी रखी जाए एवं उन्हें शासन द्वारा प्राप्त होने वाली सहायता राशि समय पर मिले ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित हो साथ ही अन्य योजनाएं जिसमें वह पात्रता रखते हैं ऐसे बालकों को उनसे जोड़ा जाए इसके साथ-साथ संचालक महोदय द्वारा कार्यालय में उपस्थित विभिन्न विभाग की योजनाओं की समीक्षा भी की गई, इस दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन तिवारी परियोजना कार्यालय से विभिन्न पर्यवेक्षक जिला कार्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक 23 जून को

**भिण्ड ब्यूरो।** जिला संयोजक अनु. जाति एवं जनजातीय कार्य विभाग भिण्ड ने बताया है कि जिला स्तरीय सर्तकता एवं मानीटरिंग समिति की बैठक कलेक्टर भिण्ड श्री संजीव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में दिनांक 23 जून 2025 को समय दोपहर 01 बजे कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित की जायेगी। बैठक में अनुसूचित जातिध्अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1995 के अन्तर्गत दर्ज प्रकरणों में प्रगति की समीक्षा, अधिनियम अन्तर्गत स्वीकृतध्वितरण राहत राशि की समीक्षा, अधिनियम अन्तर्गत न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों की समीक्षा, न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों सजा का प्रतिशत की समीक्षा, सहित अन्य विषयों पर समीक्षा की जायेगी। कृपया बैठक में नियत समय व स्थान पर उपस्थित होने का कष्ट करें।

# धरती आभा अभियान के तहत आज 21 को इन ग्रामों में लगेंगे शिविर

**श्योपुर ब्यूरो।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री अर्पित वर्मा के निर्देशानुसार विभिन्न योजनाओं में पात्र हितग्राहियों को लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से धरती आभा अभियान अंतर्गत जिले के तीनों विकासखंड में 15 जून से 30 जून तक शिविर आयोजित किये जा रहे है। इसी क्रम में आज 21 जून को श्योपुर विकासखण्ड के ग्राम सेमल्दा, लहचौडा, शंकरपुर, कनापुर, राडेप, उदोतपुरा, पनवाड एवं आसीदा में शिविर का आयोजन होगा। इसी प्रकार कराहल विकासखण्ड के ग्राम फतेहपुर, मोरावन, सिलपुरी एवं बुखारी में भी शिविर आयोजित किये जायेगे। धरती आबा अभियान के तहत आज 21 जून को विजयपुर विकासखण्ड के ग्राम डोडरीकला, नदीगांव, फरारा, गोबर, इकलौद, पराछा एवं ओछा में शिविर का आयोजन होगा। सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण श्री रिशु सुमन ने बताया कि शिविर के दौरान आधार कार्ड, राशनकार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति एवं मूल निवासी प्रमाण पत्र, केसीसी, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, दिव्यांग पेंशन, मुद्रा ऋण सहित अन्य रोजगारमूलक योजनाओं में लाभ, पीएम मातृत्व योजना, आवास योजना आदि का लाभ प्रदान किया जायेगा। प्रत्येक शिविर के लिए नोडल अधिकारी तथा सहयोगी दल नियुक्त किये गये है।

# आईटीआई में प्रवेश के लिए पंजीयन हेतु पोर्टल फिर से शुरू

**श्योपुर ब्यूरो।** प्रदेश के आईटीआई संस्थानों में प्रवेश के लिए पंजीयन हेतु पोर्टल फिर से शुरू किया गया है, पोर्टल के माध्यम से एडमिशन के लिए नवीन पंजीयन कराये जा सकते है। पूर्व में 16 जून एडमिशन की अंतिम तिथि थी, इसके बाद शासन द्वारा 17 जून से पोर्टल को पुनः एडमिशन के लिए खोला गया है। इच्छुक विद्यार्थी पोर्टल पर प्रवेश के लिए अपना पंजीयन करा सकते है। प्राचार्य आईटीआई श्योपुर श्री आशीष जैन ने बताया कि श्योपुर जिले के तीनो आईटीआई संस्थानों में प्रवेश हेतु पुनः प्रक्रिया शुरू की गई है। उन्होने बताया कि आईआईटी में प्रवेश लेने के इच्छुक अभ्यर्थी अपने कम्प्यूटर या एंड्रॉयड मोबाइल फोन अथवा ऑनलाइन सहायता केन्द्रों के माध्यम से विभाग के पोर्टल 222.स्रह्यस्र.द्वश्च.द्दश1.द्बठ्ठ पर आवेदन कर सकते है। आईटीआई श्योपुर में 05 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन, फिटर, मैकेनिक डीजल, स्टेनोग्राफर (हिंदी) शामिल हैं। आईटीआई कराहल में 03 व्यवसायिक पाठ्यक्रम संचालित हैं। जिनमें कोपा, इलेक्ट्रीशियन वेल्डर, सोलर टेक्नीशियन शामिल हैं। इसी प्रकार आईटीआई विजयपुर में मैकेनिक डीजल, इलेक्ट्रिशियन, फिटर, कोपा और हिन्दी स्टेनोग्राफर ट्रेड संचालित है।

# अवैध रेत खनन पर पूर्व मंत्री गोविंद सिंह का आरोप, पुलिस-प्रशासन के संरक्षण में हो रहा है रेत का अवैध कारोबार

**भोपाल/भिंड।** मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. गोविंद सिंह ने पुलिस और प्रशासन पर अवैध रेत खनन माफिया को संरक्षण देने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर कहा है कि भिंड जिले के लहार क्षेत्र में खुलेआम अवैध रेत का कारोबार फल-फूल रहा है, जिससे सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। डॉ. सिंह द्वारा मुख्यमंत्री को लिखे पत्र (पत्र क्र. 23, दिनांक- 20.06.2025) में कहा गया है कि, ÷लहार क्षेत्र में इन दिनों पुलिस के संरक्षण में रेत माफिया खुलेआम रेत का व्यापार कर रहे हैं। लहार की गिरवासा व मटियावली रेत खदानों से सैकड़ों की संख्या में ट्रैक्टर रेत का अवैध उत्खनन कर भरकर लहार में बारह हजार से पन्द्रह हजार रुपये तक बेच रहे हैं। पत्र में आगे कहा गया है कि अवैध रेत बिक्री की जानकारी प्रशासन के साथ-साथ पुलिस को भी है, लेकिन वे कार्रवाई करने की बजाय माफियाओं को खुद संरक्षण दे रहे हैं। डॉ. सिंह ने उदाहरण देते हुए बताया, ÷सूरज ढलते ही श्यामपुरा और बराहा रोड पर सैकड़ों ट्रैक्टर अवैध रेत भरकर दौड़ते नजर आते हैं और रात में सैकड़ों की संख्या में बड़े डंपर रेत भरकर उन्हें उत्तर प्रदेश में बेच रहे हैं। पूर्व मंत्री ने यह भी बताया कि जानकारी से पता चला है कि लहार क्षेत्र सहित संपूर्ण भिंड जिले की रेत खदानें पिछले डेढ़ वर्ष से बंद हैं और शासन द्वारा उन्हें अधिकृत तौर पर किसी को भी आवंटित नहीं किया गया है। उन्होंने प्रशासन और पुलिस की इस मिलीभगत पर सवाल उठाते हुए कहा कि इस प्रकार प्रशासन एवं पुलिस के संरक्षण में रेत माफिया लगातार अवैध उत्खनन कर रेत का विक्रय कर शासन को करोड़ों रुपयों की राजस्व हानि पहुंचा रहे हैं। डॉ. गोविंद सिंह ने चेतावनी दी है कि यदि शासन-प्रशासन द्वारा अवैध रेत उत्खनन कर मनमाने दामों पर विक्रय कर आम जनता को लूटने वाले रेत माफियाओं के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जाती है, तो कांग्रेस पार्टी प्रशासन एवं पुलिस के खिलाफ एक बड़ा जन आंदोलन करेगी।

# कलेक्टर श्रीमती चौहान एंव निगमायुक्त श्री संघ प्रिय ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

## अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** शहर में हजीरा स्थित इंटक सब्जी मंडी, दीनदयाल रसोई, पुरानी सब्जी मंडी, किलागेट व बहोडापुर क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान एंव नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। साथ ही किले पर पहुँचकर विश्व योग दिवस की तैयारियों का जायजा लिया। शहर भ्रमण के दौरान कलेक्टर श्रीमती चौहान ने इंटक मैदान स्थित दीनदयाल रसोई का निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ की व्यवस्थायें बेहतर न मिलने पर नाराजगी जताई और जोनल ऑफिसर को आगाह करते हुए कहा कि आमजन रसोई में खाना खाने आते हैं, उन्हें बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराएं। साथ ही रसोई में पंखे, रैम्प व शौचालय की साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसी कड़ी में उन्होंने हजीरा स्थित पुरानी सब्जी मंडी का निरीक्षण किया। साथ ही निर्देश दिए कि दुकानें इस हिसाब से बनें कि पार्किंग की समस्या न आये। दुकानें कम्पलीट होने के बाद अलॉमेंट की प्रक्रिया भी शीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने किलागेट चौराहे पर निरीक्षण कर शौचालय एवं आस पास साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। इसके बाद बहोडापुर चौराहे का निरीक्षण किया जहां नाला चौक एवं सडक पर पानी भरा होने पर नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को नाले की सफाई करने के निर्देश दिए। ग्वालियर जिले में विश्व योग दिवस का जिला स्तरीय समारोह किले पर आयोजित हो रहा। शहर भ्रमण के दौरान कलेक्टर एवं निगमायुक्त ने किले पर पहुंच कर योग दिवस की तैयारियों का जायजा लिया।

# ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने वार्ड 1 में सीसी सडक निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन



**ग्वालियर।** प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने उपनगर ग्वालियर के वार्ड 01 गरगज कॉलोनी में 16 लाख रुपये से बनाई जा रही सीसी सडक निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सर्वश्री चिंटू परमार, सतेन्द्र शर्मा, जगत कौरव, राजकुमार परमार, कैलाश सिंह, प्रयाग तोमर, शैली सिंह, शशि शर्मा, जितेन्द्र राजपूत सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। भूमि पूजन के अवसर पर ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने कहा कि क्षेत्र में विकास की धारा बह रही है, प्रत्येक वार्ड में विकास कार्य तेजी से किए जा रहे हैं। स्वास्थ्य, विद्युत, शिक्षा एवं सड़कों के कार्य उपनगर ग्वालियर में तेजी से किए जा रहे हैं। जिसका लाभ हमारी आने वाली पीढ़ी को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आपने मुझे सेवा करने का जो अवसर दिया है मैं आपका हमेशा ऋणी रहूंगा। इस दौरान ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने गरगज कॉलोनी बहोड़ापुर क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा निर्देश दिए कि नाले की सफाई का कार्य तेजी से किया जाए। जिससे कहीं भी जलभराव की स्थिति न बने। साथ ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश कि बरसात के दौरान शहर में कहीं भी जल भराव न हो तथा बरसात के दौरान जहां भी जलभराव होता है, तो उसको तत्काल खाली किया जाए। जिससे आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।

# सभापति श्री तोमर ने दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत विभिन्न आने वाले कार्यों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ग्वालियर।** सभापति श्री मनोज तोमर ने सिटी सेन्टर स्थित निगम मुख्यालय के सभापति कक्ष में शुक्रवार को दक्षिण विधानसभा के अंतर्गत जनकार्य, पी.एच.ई., सीवर, स्वास्थ्य, मदाखलत, फायर ब्रिगेड की समीक्षा बैठक ली गई तथा कार्य समय सीमा में कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों कों निर्देशित किया गया। बैठक में अपर आयुक्त श्री मुनीष सिकरवार, उपायुक्त श्री अमरसत्य गुप्ता, श्री सत्यपाल सिंह चौहान, अधीक्षण यंत्री श्री संजीव गुप्ता, कार्यपालन यंत्री श्री सुरेश अहिरवार, मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव, सहायक यंत्री श्री महेन्द्र अग्रवाल, श्री राजू गोयल, श्री ब्रज बिहारी चंसोलिया, श्री वेद प्रकाश निरंजन, मदाखलत अधिकारी श्री शैलेन्द्र चौहान, स्वास्थ्य अधिकारी श्री भीष्म पमनानी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सभापति श्री तोमर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि दक्षिण विधानसभा में जो नाले बह रहे है उनकी तत्काल सफाई कराई जाये। पशुओं के गोबर से नाले चॉक हो रहे हैं, उन पशु पालकों को समझाइस दें और उनका चालान करें व अंत में उनके पशु जब्त किये जायें। जो सफाई कर्मचारी अनुपस्थित रहते हैं उन्हें तत्काल हटाया जाये। वार्ड क्र. 55 के चार कर्मचारी आये दिन अनुपस्थित रहते है, उन्हें वार्ड 55 से हटाकर कहीं अन्य वार्ड में किये जाने हेतु स्वास्थ्य अधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव को निर्देशित किया गया। बैठक में यह भी निर्देश दिए कि दक्षिण विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले नालों की सफाई कराई जाये। जिन सीवर चेम्बर से प्लास्टर छूट गया है व उसके कारण से लोगों के घरों में पानी भर रहा है उनका स्थल निरीक्षण कराकर सीवर चेम्बर की सफाई कराये और यदि चेम्बर में प्लास्टर आदि की आवश्यकता है तो तत्काल आवश्यक कार्य कराये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया तथा सीवर लाइनों की सफाई व मरम्मत करायी जाये। यदि ठेकेदार पर संसाधन उपलब्ध नहीं है तो निगम से रसीद काटकर निगम से संसाधन उपलब्ध कराये जाये। समीक्षा के दौरान बैठक में सभापति श्री तोमर ने निर्देश दिए कि सीवर बोरिंग के जो बॉक्स टूट गये है उनमें पानी जाता है उनके ढक्कन लगाये जायें या बदले जाये। ए.डी.बी. योजना अन्तर्गत जो लाइनें डाली गई थी व टंकी बनायी गई थी उनका मिलान कराकर पानी उपलब्ध करायें तथा मुख्य सड़कों पर अवैध निर्माण हेतु जो मलवा (सी एण्ड डी) एकत्रित है ऐसे लोगों के चालान की कार्यवाही की जाये एवं दक्षिण विधानसभा के फायर स्टेशन में पर्याप्त स्टाफ उपलब्ध करायें।

# रैली, चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता के माध्यम से दिया जल संरक्षण का संदेश

## जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन जागरूकता कार्यक्रम जारी




**ग्वालियर।** जिले में जन-जन तक जल संरक्षण का संदेश पहुंचाने के लिए जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में जन अभियान परिषद से जुड़े सफल युवा मंडल द्वारा शुक्रवार को जागरूकता रैली निकाली गई। साथ ही चित्रकला एवं निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मौजूद युवाओं से कहा गया कि जल के संरक्षण के लिये युवा पीढ़ी आगे आए। यदि गांव से ही जल बचाने की संस्कृति विकसित हुई तो हमारा भविष्य पानी को लेकर निश्चित ही सुरक्षित रहेगा । पानी सहेजने के लिये सिर्फ एक दिन की गतिविधि पर्याप्त नहीं है। इसे जन आंदोलन का रूप देना होगा। इस अवसर पर जागरूकता रैली में स्कूली छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण के नारों के साथ गांव भ्रमण किया। चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में बच्चों ने जल के महत्व और संकट पर प्रेरणादायी प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता के प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र, पुरस्कार, प्रदान किए गए। इस आयोजन में ग्रामीणजन, शिक्षक, विद्यार्थी व पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी ने जल संरक्षण का संकल्प लिया और अभियान को गांव-गांव तक पहुंचाने की बात कही। कार्यक्रम में सर्वश्री उमेश वशिष्ठ, राजेश कुशवाहा, मोनू कुशवाह, आशीष त्रिपाठी, चमन, गोलू, अमन व बलराम सहित कई युवा कार्यकर्ताओं ने उपस्थिति दर्ज कराकर आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का संचालन सफल युवा मंडल के अध्यक्ष श्री अरविंद कुशवाहा द्वारा किया गया।

# नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

**ग्वालियर।** नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नगर निगम ग्वालियर एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रमन शिक्षा समिति के सहयोग से बैडमिंटन, टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन 21 जून 2025 से 23 जून 2025 तक नगर निगम द्वारा संचालित एकलव्य खेल परिसर, सिटी सेंटर में किया जा रहा हैं। सहायक खेल अधिकारी सुश्री विजेता सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि नशामुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नगर निगम ग्वालियर एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में रमन शिक्षा समिति के सहयोग से बैडमिंटन, टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले आयु वर्ग निम्नानुसार है जिसमें बालक वर्ग (एकल) बैडमिंटन, टेबल-टेनिस में अंडर 11, 13, 15, 17, 19, बालक वर्ग (डबल) बैडमिंटन, टेबल-टेनिस में अंडर 15, बालिका वर्ग (एकल) बैडमिंटन, टेबल-टेनिस में अंडर 11,13,15,17,19 रहेगी। रमन शिक्षा समिति के अध्यक्ष श्री हरिओम गौतम ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ 21 जून 2025 को सायं 5रू00 बजे किया जाएगा। प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में जिला कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय उपस्थित रहेंगे।

# नाले पर अतिक्रमण कर बनाए गए रैम्प व चबूतरों को हटाया



**ग्वालियर।** नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। भवन अधिकारी श्री यशवंत मैकले ने जानकारी देते हुए बताया कि सिटी प्लानर श्री एपीएस जादौन के निर्देशन में नगर निगम द्वारा नालों पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही अभियान चलाकर की जा रही है। जिसके तहत आज घोसीपुरा रेलवे स्टेशन स्थित नाले के पास के रहवासियों ने नाले पर रैम्प एवं चबूतरा बनाकर अतिक्रमण कर लिया था। रैम्प व चबूतरों को तोड़कर नाले से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में मदाखलत अधिकारी श्री केशव चौहान, क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्र. 01 श्री अभय तोमर, मदाखलत गैंग एवं पुलिस बल उपस्थित रहा।

# वारदात की नियत से खड़े एक बदमाष को पकड़कर उससे एक देषी पिस्टल व एक जिंदा राउण्ड किया जप्त

**ग्वालियर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ग्वालियर श्री धर्मवीर सिंह,भापुसे के निर्देष पर ग्वालियर पुलिस द्वारा फायर आर्म्स की बढ़ रही घटनाओं को रोकने हेतु अवैध हथियार रखने एंव अवैध हथियारों की खरीद फरोख्त करने वालों के विरूद्ध जिले में प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। उक्त कार्यवाही के दौरान आज दिनांक 20.06.2025 को मुरार पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना प्राप्त हुई की एक युवक अवैध हथियार लिए किसी वारदात करने की नियत से फायरिंग रेंज रोड़ मोहनपुर पर खड़ा हुआ है।

उक्त सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, जिस पर से अति0 पुलिस अधीक्षक(मध्य) श्रीमती सुमन गुर्जर ने थाना मुरार पुलिस को उक्त सूचना की तस्दीक कर कार्यवाही करने हेतु निर्देषित किया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देषों के परिपालन में सीएसपी मुरार श्री राजीव जंगले के कुषल मार्गदर्षन में थाना प्रभारी मुरार निरीक्षक मैना पटेल के द्वारा बडागांव चौकी प्रभारी उनि0 दिनेष सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान फायरिंग रेंज रोड़ मोहनपुर में अवैध हथियार लिए बदमाष के खिलाफकार्यवाही करने हेतु भेजा गया। पुलिस टीम को मुखबिर के बताये स्थान पर मुखबिर के बताये हुलिया का एक युवक खडा दिखा जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा घेरकर उसे पकड़ लिया गया और पूछताछ करने पर उसने मुसलमान मोहल्ला खुरैरी मुरार जिला ग्वालियर का होना बताया। पुलिस द्वारा संदेही की तलाषी लेने पर उसकी कमर में एक देषी पिस्टल खुरसी हुई मिली एवं उसकी पेंट की जेब में एक जिंदा राउण्ड रखा हुआ मिला।

पकड़े गये आरोपी का यह कृत्य धारा 25(1-बी)(ए) आर्म्स एक्ट के तहत दण्डनीय पाए जाने से थाना मुरार में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपी से एक देषी पिस्टल एवं एक जिन्दा राउण्ड को जप्त कर पुलिस अभिरक्षा में लिया गया और आरोपी से पुलिस द्वारा अवैध हथियार के संबंध में पूछताछ की जा रही है।

**जप्त हथियारः** एक देषी पिस्टल मय एक जिंदा राउंड।

**सराहनीय भूमिकाः** उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी थाना मुरार निरीक्षक मैना पटेल, चौकी प्रभारी बडागांव उनि0 दिनेश सिंह, सउनि0 राजकुमार शर्मा, प्र.आर0 रणवीर राणा, आर0 नीरज यादव, आर0 नरेश राजावत की सराहनीय भूमिका रही।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर होगा जिला स्तरीय कार्यक्रम

## मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह होंगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विद्यार्थी, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक एवं शासकीय सेवक करेंगे सामूहिक योगाभ्यास

**ग्वालियर।** ग्वालियर जिले में भी 21 जून को 11वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम ऐतिहासिक ग्वालियर दुर्ग पर राजा मानसिंह महल के समीप प्रातः 6 बजे आयोजित होगा। प्रदेश के उद्यानिकी, खाद्य प्रसंस्करण, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। जिले में इसके अलावा सभी नगरीय निकायों, पंचायत मुख्यालयों व ग्रामीण में भी क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में विश्व योग दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव योग दिवस 21 जून को कार्यक्रमों को संबोधित करेंगे। उनके उदबोधन का सीधा प्रसारण जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित जिले में योग दिवस पर होने वाले अन्य कार्यक्रमों में किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रमों में सामान्य योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रम के तहत प्रातः 6 बजे कार्यक्रम स्थल पर विद्यार्थियों सहित सभी सहभागीगण उपस्थित होंगे। प्रातः 6 बजे से 6.30 बजे तक स्थानीय जनप्रतिनिधिगणों का आगमन व उदबोधन होगा। इसके बाद प्रातः 6.30 बजे से 6.40 बजे तक मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण होगा। इसी क्रम में प्रातः 6.40 से 7.40 बजे तक विशाखापटनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उदबोधन का सीधा प्रसारण होगा। इसके बाद सामान्य योगा प्रोटोकॉल के तहत प्रातः 7 बजे से 7.45 बजे तक योगाभ्यास कराया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के तहत सुव्यवस्थित ढंग से विश्व योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपील की है कि सभी प्रतिभागी समय पर कार्यक्रम में पहुँचें और सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हों। जिला योग प्रभारी श्री दिनेश चाकणकर ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर जिले में लगभग 3 हजार स्थानों पर विद्यार्थियों, योग साधकों, जनप्रतिनिधिगणों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा योगाभ्यास किया जायेगा। अंतराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजनों में मुख्यमंत्री योग प्रशिक्षण केन्द्र, पतंजलि योग संस्थान श्री रामचन्द्र मिशन हार्टफुलनेस संस्थान, आर्ट ऑफ लिविंग, भारतीय योग संघ, आरोग्य भारती, क्रीड़ा भारती, विवेकानंद नीडम, जन अभियान परिषद, नेहरू युवा केन्द्र, एनसीसी, स्काउट इत्यादि संस्थायें सहभागिता करेंगीं।

# बिजली कंपनियों में नई भर्ती के सफल युवाओं के दस्तावेज परीक्षण 23 जून से

**ग्वालियर।** ऊर्जा विभाग की पूर्व, पश्चिम एवं मध्य तीनों बिजली वितरण कंपनियों और पॉवर मैनेजमेंट कंपनी, ट्रांसमिशन कंपनी, जनरेशन कंपनी के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त पदों के लिए सफल उम्मीदवारों के दस्तावेज परीक्षण 23 जून से होंगे। वर्तमान में कुल 1974 पदों पर सफल युवाओं को सूचना भेज दी गई हैं। इन सफल उम्मीद्वारों को उज्जैन, इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, सागर इत्यादि रीजनल मुख्यालयों एवं कंपनी मुख्यालयों पर 23 जून से 15 जुलाई तक दी गई तारीख पर दस्तावेज परीक्षण के लिए पहुंचना होगा। बिजली कंपनियों ने ऑन लाइन ली गई परीक्षा में सफल उम्मीदवारों को निर्धारित रीजनल मुख्यालयों, कंपनी मुख्यालयों पर मूल दस्तावेजों के साथ समय पर उपस्थित होने की अपील की है। दस्तावेजों के परीक्षण के बाद नियुक्ति पत्र एवं पदस्थी के बारे में कार्रवाई की जाना है।

# चम्बल क्षेत्र में घड़ियाल संरक्षण की दिशा में उल्लेखनीय सफलता, मौजूदा साल में राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य में घड़ियाल प्रजनन का सफल सीजन

**ग्वालियर।** राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य द्वारा घड़ियालों के संरक्षण में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई है। मौजूदा साल अभयारण्य में घड़ियाल प्रजनन का सफल सीजन रहा है। विभिन्न नेस्टिंग साइड पर बड़ी संख्या में मादा घड़ियालों ने घोंसले बनाए। इन घोंसलों से घड़ियाल शिशु को सुरक्षित निकालना शुरू हो चुका है। अभी तक चंबल घड़ियाल अभ्यारण्य क्षेत्र के अंतर्गत नंदी गाँव में 46 घोंसले, बरौली में 32, बाबू सिंह घेर में 20, डाग वसई में 16, रैड्डी में 7 और भरा में 5 घोंसलों में से घड़ियालों के बच्चों को निकाला जा चुका है। इसके अतिरिक्त अन्य स्थलों पर भी घोंसलों से बच्चे निकल रहे हैं। चम्बल की सहायक नदी कूनो में भी 12 घोंसलों से बच्चे निकल चुके हैं, जो घड़ियालों की बढ़ती उपस्थिति और सफल प्रजनन का संकेत है। निदेशक राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य के मार्गदर्शन और फील्ड में कार्यरत वनकर्मियों के अथक प्रयासों से यह सफलता मिली है। घड़ियाल प्रजनन स्थलों की पहचान, घोंसलों का चिन्हांकन और सुरक्षा की पूरी प्रक्रिया में फ्रंटलाइन स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। वनकर्मियों ने घोंसलों को खोजकर उनके ऊपर काँटे लगाकर उन्हें सियार एवं परभक्षियों से सुरक्षित किया तथा हेंचिंग के समय इन काँटों को सावधानीपूर्वक हटाकर बच्चों को सुरक्षित निकालना सुनिश्चित किया। वन विभाग द्वारा राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य क्षेत्र से 200 घड़ियाल अण्डों को एकत्र कर उन्हें घड़ियाल पुनर्वास केन्द्र देवरी भेजा गया। वहाँ उन्हें विशेष देखरेख में रखा गया। इनमें से 195 अण्डों से सफलतापूर्वक बच्चों का जन्म हुआ है, जिनका पालन-पोषण किया जा रहा है। यह समूचा प्रयास चम्बल क्षेत्र में घड़ियाल संरक्षण की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है, जो वन विभाग के समर्पण, वैज्ञानिक प्रबंधन और स्थायी पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# किसानों को सायबर ठगों से से बचाने के लिये एडवायजरी जारी

**ग्वालियर।** किसानों को सायबर ठगी से बचाने के लिये राज्य शासन के कृषि यांत्रिकी विभाग द्वारा एडवायजरी जारी की गई है। खासतौर पर किसानों के कल्याण और कृषि विकास की हितग्राही मूलक योजनाओं के नाम पर सायबर ठगी के प्रति किसानों को सावधान करने के लिये कृषि अभियांत्रिकी द्वारा यह एडवायजरी जारी की है। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के संज्ञान में यह बात आई है कि कस्टम हायरिंग सेंटर योजना का लाभ दिलाने के नाम पर स्वयं को विभागीय अधिकारी के रूप में अपना परिचय देकर सायबर ठगी करते है। ऐसे प्रकरण सामने आ रहे हैं। संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने कहा है कि कृषक हितग्राही योजनाओं के अंतर्गत कस्टम हायरिंग योजना की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी है। इस प्रक्रिया में किसी भी हितग्राही से योजना संबंधी संपर्क नहीं किया जाता है। संचालक कृषि अभियांत्रिकी ने हितग्राहियों से अपेक्षा की है कि किसान भाई अनजान नंबरों से आने वाले कॉल, वॉट्सऐप कॉल/वीडियो कॉल/अन्य सोशल मीडिया से प्राप्त होने वाले कॉल नबंर जिनमें मुख्यतः 07056847570, 07088438459, 0756847570, 9520711020 हों तो उन्हें बिल्कुल भी न उठाएँ। अनजान व्यक्तियों पर विश्वास न करें, उनसे किसी भी प्रकार की सूचना व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। हो सकता है वह आपकी जानकारी अन्य माध्यम से प्राप्त कर आपको परेशान करे। यदि कोई व्यक्ति स्वयं को विभागीय अधिकारी बताकर/विभागीय अधिकारी के नाम से भी आपसे बात करे तो एकदम से उसकी बात पर विश्वास न करें। आपके साथ कोई सायबर अपराध घटित होता है तो उसकी शिकायत अपने नजदीकी पुलिस थाने में cybercrime.gov.in या Cyber Crime Help Line (Toll Free) नम्बर 1930 पर अवश्य करें।




# अस्पताल से छुट्टी होने से पहले ही बनवाएँ नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र, कलेक्टर श्रीमती चौहान ने सीएमएचओ व सिविल सर्जन सहित अन्य संबंधित, अधिकारियों को दिए निर्देश

**ग्वालियर।** प्रसव के बाद अस्पताल से माँ की छुट्टी होने से पहले ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र जारी हो जाए। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने इस आशय के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन एवं जिले के खंड चिकित्सा अधिकारियों सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को दिए हैं। जन्म प्रमाण-पत्र अत्यंत महत्वपूर्ण दस्तावेज है। राज्य शासन के आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा अस्पताल में ही नवजात शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिये दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) एवं आयुक्त आर्थिक व साख्यिकी विभाग द्वारा जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि सरकारी अस्पतालों में 50 प्रतिशत से अधिक प्रसव होते हैं। इसलिए जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के लिये अधिकृत पदेन रजिस्ट्रार अस्पतालों में छुट्टी से पहले नवजात शिशु का जन्म प्रमाण पत्र बनाकर दे दें। इससे जन साधारण को अपने शिशु का जन्म प्रमाण-पत्र बनवाने के लिये इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

# संपादकीय

## गरीबी से पार पाने में खासी सफलता मिली

भारत में अत्यधिक गरीबी दर 2011-12 में 27.1 प्रतिशत से एक दशक में तेजी से घट कर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत रह गई। यह जानकारी विश्व बैंक की एक रिपोर्ट से मिली है। हालांकि विश्व बैंक ने अपनी गरीबी रेखा की सीमा को संशोधित करके तीन डॉलर प्रति दिन कर दिया है। बेशक, यह रिपोर्ट हौसला देती है। खासकर मौजूदा वैश्विक के मद्देनजर किसी भी देश के लिए इस प्रकार का आकलन खासा उत्साहवर्धक होता है। भारत विकासशील देश है, और अपनी आयोजना में शुरू से से ही गरीबी उन्मूलन का प्राथमिकता देता रहा है। गरीबी से अपने लोगों को उबारने के लिए पंचवर्षीय योजनाएं शुरू की गई ताकि आम जन के आर्थिक हालात बेहतर से बेहतर हो सकें। सत्तर के दशक में 'गरीबी हटाओ' का नारा देकर चुनाव तक लड़ा गया। जीता भी गया। बेशक, सरकार की तमाम प्राथमिकताओं और चिंताओं के केंद्र में गरीबी उन्मूलन रहा है। इसके नतीजे भी अच्छे मिले, लेकिन कुछ समस्याएं बराबर बनी रहीं जिनके चलते गरीबी उन्मूलन का लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सका। एक तो यह हुआ की आर्थिक विकास के लाभ कुछ वर्गो तक ही सीमित रह गए। इसके चलते आर्थिक असमानता की समस्या उभरी जिससे पार पाने के लिए आज जूझना पड़ रहा है, लेकिन यह भी सच है कि गरीबी से पार पाने में खासी सफलता मिली है। इस बात की ताकीद शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल जैसे मानकों में देश के बेहतर प्रदर्शन से होती है। गरीबी कम करने में हम कमजोर नहीं पड़े हैं। और अब तो विश्व बैंक भी इसकी तस्दीक कर रहा है। विश्व बैंक ने अप्रैल में भारत पर अपने 'गरीबी और समानता संक्षिप्त' में कहा था कि अत्यधिक गरीबी (प्रति दिन 2.15 डॉलर से कम पर जीवन यापन) 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घट क 2022-23 में 2.3 प्रतिशत हो गई जिससे 17.1 करोड़ लोग इस रेखा से ऊपर आ गए। बेशक, गरीबी उन्मूलन के प्रयास आजाद भारत के किसी भी कालखंड में शिथिल नहीं पड़ने पाए हैं, लेकिन बहुत कुछ वैश्विक हालात पर निर्भर करता है। वैश्विक जोखिम आज कहीं ज्यादा नकारात्मक हैं। अमेरिका जैसे देशों में नीतिगत बदलाव, कई देशों में युद्ध के हालात ने वैश्विक परिदृश्य को तनावपूर्ण बना दिया है। लेकिन अर्थव्यवस्था के बुनियादी कारक इतने मजबूत हैं कि भारत अपने लोगों के हालात बेहतर करने में जरूर सफल होगा।

# अवसाद का सामना करने में योग की भूमिका

(कुमार कृष्णन -विभूति फीचर्स)



राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2024 के अनुसार भारत में लगभग हर बीस में से एक व्यक्ति अवसाद से पीड़ित हो सकता है। यह सर्वेक्षण दर्शाता है कि भारत में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। विश्व स्तर पर, लगभग 26.4 करोड़ लोग अवसाद से प्रभावित हैं। तुलनात्मक रूप से देखें तो महिलाओं में अवसाद अनुभव करने की संभावना अधिक होती है, लेकिन यह भी एक तथ्य है कि अवसाद किसी भी समय और किसी भी उम्र में हो सकता है।

ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में शहरों में अवसाद अधिक है। एक अन्य रपट के अनुसार अविवाहित लोगों की तुलना में विवाहित लोगों में अवसादग्रस्त होने की संभावना 60 फीसदी अधिक होती है। जबकि विवाहित व्यक्ति परिवार में रहता है, तो फिर क्यों अवसाद का शिकार होता है? क्योंकि कई बार परिवार या समूह में रह कर भी मनुष्य यह अनुभव करता है कि कोई उसे नहीं समझता, किसी के पास उसके लिए समय नहीं है। वह किसी से अपनी बात साझा नहीं कर पाता। ऐसे में खुद को अकेला पाता है।

यह सभी आर्थिक पृष्ठभूमि वाले लोगों को प्रभावित कर रहा है। चाहे एक अभावग्रस्त व्यक्ति जो एक शाम के भोजन के लिए जद्दोजहद कर रहा है या एक अमीर व्यक्ति जो विलासितापूर्ण जीवन व्यतीत कर रहा है। इससे भी चिंताजनक बात यह है कि अवसाद ग्रस्त व्यक्ति भावनात्मक रूप से कमजोर मानसिक स्थिति में अपना जीवन ही समाप्त करने का निर्णय ले लेता है। भारत में किशोरों और युवाओं में आत्महत्या की बढ़ती प्रवृति ने इस बात को रेखांकित किया है कि इस बीमारी पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जाना चाहिए।

किसी व्यक्ति में अवसाद का प्रांरभ बहुत छोटी व तुच्छ चीजों से भी हो सकता है। जैसे कक्षा में प्रथम न आ पाना, परीक्षा में मनचाहे अंक प्राप्त न कर पाना आदि। अवसाद के कुछ गंभीर कारण भी हो सकते हैं जैसे कोई व्यक्ति अपने किसी अंग के पक्षाघात से ग्रस्त हो। कैंसर तथा मानसिक असंतुलन जैसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त लोगों को भी अवसाद हो सकता है। इसे द्वितीयक अवसाद कहते हैं। ऐसे लोगों में अवसाद धीरे-धीरे कम हो जाता है, जो गंभीर बीमारी से लड़ना सीख जाते हैं या उनका सफल इलाज हो जाता है। घटना और वजह जिससे अवसाद होता है को अलग रखते हुए अवसाद का मूलभूत लक्षण बहुत ही सामान्य है। एक अवसाद ग्रस्त व्यक्ति कंधे को उचकाता है, छाती को



सिकोड़ता है, भावनात्मक रूप से कमजोर दिखता है तथा उसमें जीवन के प्रति अलगाव और गैर जवाबदेही दिखाई पड़ती है। कई मामलों में अवसाद अपने आप ही धीरे-धीरे कम होने लगता है। वहीं कुछ मामलों में यह काफी लम्बे समय तक जारी रहता है।

**अवसाद के प्रकार अवसाद के कई प्रकार हैं।**

रोगजन्य और शरीरजन्य अवसाद ‑ यह किसी दूसरी बीमारी (गंभीर व जीवन पर्यंत चलने वाली) या किसी इलाज के कारण होती है। उम्मीद या विफलता आधारित अवसाद ‑ यह उस स्थिति में होता है, जब कोई अपनी उम्मीद पूरी नहीं कर पाता। उदाहरण के लिए एक विद्यार्थी या एक खिलाड़ी जो किसी परीक्षा या खेल में आशा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाता। यह क्षणिक होता है, परंतु उन?हें इससे बाहर निकलने की आवश?यकता है, ताकि उनका अगला प्रदर्शन प्रभावित न हो। भावनात्मक अवसाद ‑ यह भावनात्मक जुड़ाव के टूटने पर होता है। उदाहरण के लिए दो व्यक्ति जो एक दूसरे के अत्यधिक नजदीक हैं, तो किसी प्रिय व्यक्ति की मृत्यु या शोक से भी अवसाद हो सकता है। अहम केन्द्रित अवसाद‑ अवसाद का यह प्रकार उन लोगों में होता है, जो उच्च अधिकार प्राप्त तथा उच्च पद/स्थिति में जीवन बिताते हैं और जब वे पाते हैं कि अब इसके अधिकारी नहीं है। आमतौर पर यह बीमारी तब होती है, जब लोग अवकाश प्राप्त करने के करीब होते हैं।

**अवसाद का सामना करने में योग की भूमिका**

योग वास्तव में मस्तिष्क तथा भावनाओं का विज्ञान है और इसलिए अवसाद के लक्षणों को दूर करने के लिए यह एक महान वरदान है। अवसाद के मामलों में जिस चीज की तुरंत आवश्यकता होती है, वह है व्यक्ति को लक्षण के अनुरूप आराम पहुंचाना। किसी व्यक्ति की मानसिक स्थिति और भावनाएं उसकी शारीरिक मुद्रा में प्रतिबिंबित होती हैं।

## शब्द सामर्थ्य -085

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | ■ | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 084 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

# संतुलन, अनुशासन और आत्म साक्षात्कार का मार्ग है योग

(किशन लाल शर्मा-विभूति फीचर्स)



हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप मे मनाया जाता है। यह केवल एक तिथि नही है, बल्कि एक आंदोलन है, जो हमें अपने भीतर झांकने और स्वस्थ जीवनशैली की ओर लौटने का आमंत्रण देता है। योग केवल एक व्यायाम या शारीरिक कसरत नहीं है बल्कि एक जीवन दर्शन है-संतुलन, अनुशासन और आत्म साक्षात्कार का मार्ग।

**योग क्या है?**

"योग" एक संस्कृत का शब्द है, जिसका मूल अर्थ है-जुड़ना या एकाकार होना। योग शरीर,मन और आत्मा को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य का,बल्कि मानसिक और आत्मिक शुद्धि का भी मार्ग है।

**योग के माध्यम से व्यक्ति**

ÿअपने भीतर की ऊर्जा को जागृत करता है।

ÿअपने विचारों और इंद्रियों को नियंत्रित करना सीखता है।और अंतिम लक्ष्य-आत्मज्ञान की तरफ बढ़ता है।

**अंतरराष्ट्रीय योग दिवस**

संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्ताव पर वर्ष 2014 में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मान्यता दी थी। मन में प्रश्न उठ सकता है, योग दिवस क़े रूप में 21 जून को ही क्यों चुना गया?

21 जून वर्ष का सबसे लम्बा दिन होता है। इस दिन प्रकृति के साथ ऊर्जा का आदान प्रदान विशेष रूप से प्रबल होता है।

**योग हजारों वर्षो की विरासत**

योग की शुरूआत वैदिक काल से मानी जाती है। मोहनजोदड़ो और हडप्पा की सभ्यता में भी इसके प्रमाण मिले हैं। ऋषि पतंजलि ने योग को व्यवस्थित रूप देकर योग सूत्र की रचना की,जिसमे अष्टांग योग का उल्लेख है -

यम,नियम,आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान और समाधि।

योग के प्रमुख प्रकार निम्न है

हठ योग,राज योग,कुण्डलिनी योग,भक्ति योग, ज्ञान योग और कर्म योग।

योग करने का सबसे सही समय ब्रह्म मुहूर्त, सुबह 4 से 6 बजे का होता है। इस समय मन शांत होता है, वातावरण शुद्ध और ऊर्जा उच्च स्तर पर होती है।

योग करने के जरूरी सुझाव

खाने के 2 घण्टे बाद योग करे।

योग शांत और हवादार जगह में करे।

योग करते समय ढीले कपड़े पहने।

योग की शुरुआत आसान आसनों और प्राणायाम से करे।

योग एक सूक्ष्म और गहन विज्ञान है, अतः योग सीखने के लिये योग गुरु से शिक्षा ले।

बिना उचित मार्गदर्शन के योग करने से फायदे की जगह नुकसान हो सकता है ।

योग करने के फायदे

शारीरिक लाभ-शरीर को लचीला और स्फूर्तिदायक बनाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है।

# सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर निशाना बनती सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर

(मनोज कुमार अग्रवाल-विभूति फीचर्स)



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष कर महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में एक घटनाक्रम में बठिंडा की सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी, जिन्हें कमल कौर भाभी के नाम से भी जाना जाता है, की निर्मम हत्या कर दी गई। यह हत्या हमें इस बात की याद दिलाती है कि कथित नैतिकता के नाम पर किया जा रहा विरोध , जो कभी ऑनलाइन ट्रोलिंग तक सीमित था, अब हिंसक आपराधिक गुंडई और आतंकवाद में बदल गया है। इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर की हत्या को अंजाम देने वाला कथित मास्टरमाइंड अमृतपाल सिंह मेहरों, कथित तौर पर कौम दे राखे नामक एक कट्टरपंथी समूह का प्रमुख बताया जाता है। जिसने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इस सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर द्वारा प्रसारित की गई सामग्री को कथित तौर पर अनैतिक कृत्य के रूप में दर्शाते हुए हत्या को सही ठहराने का प्रयास किया है। इतना ही नहीं, हत्याकांड के बाद संयुक्त अरब अमीरात भागने के बाद हत्या को सही ठहराते हुए, एक वीडियो को जारी करना, संकीर्ण मानसिकता का दुस्साहस ही दर्शाता है। निस्संदेह, यह मामला संकीर्णता के पोषक और कट्टरपंथी तत्वों की सोच से अलग नहीं है।

यह उस दुराग्रही सोच की कड़ी का ही हिस्सा है, जो हिंसा और धमकियों के माध्यम से महिलाओं की अभिव्यक्ति पर सोशल पुलिसिंग के जरिये शिकंजा कसने की कोशिश में रहती है। इससे पहले भी 28 जून 2022 को राजस्थान के उदयपुर में एक हिन्दू टेलर कन्हैयालाल की हत्या भारतीय जनता पार्टी की प्रवक्ता नूपुर शर्मा के समर्थन में एक सोशल मीडिया पोस्ट साझा करने के लिए की गई थी , जिनकी टिप्पणियों के कारण 2022 में मुहम्मद पैगम्बर को लेकर की गई टिप्पणी पर विवाद हुआ था । हमलावरों ने कन्हैया लाल की दुकान में ग्राहक बनकर प्रवेश किया फिर उसकी नृशंसता से हत्या कर दी। इस हत्या के वीडियो बना कर इंटरनेट पर पोस्ट किए गए थे, जिसमें दो कथित हमलावर कसाई के चाकू पकड़े हुए थे और हत्या की ज़िम्मेदारी लेते हुए खुद की पहचान मुहम्मद रियाज़ अत्तारी और मुहम्मद गौस के रूप में कर रहे थे। अब इस मामले के दो मुख्य आरोपियों को हाइकोर्ट से जमानत पर रिहा कर दिया गया है। कमल कौर की हत्या भी कन्हैया लाल कांड की पुनरावृत्ति है। आए दिन देश के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग कट्टरपंथी अपराधी व आतंकी समूहों द्वारा धर्म या पंथ या संस्कृति और नैतिकता के रखवाले बनकर ऐसे कृत्यों को अंजाम दिया जाता रहा है। पिछले दिनों बेंगलुरू में भी एक महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर को केवल उसके पहनावे को अभद्र बताते हुए एसिड हमले की धमकी दी गई। इस धमकी भरे वीडियो के वायरल होने के बाद उस व्यक्ति को उसके नियोक्ता ने नौकरी से निकाल दिया। यह विडंबना ही है कि कभी ऐसे मामले पाकिस्तान व अफगानिस्तान में महिला सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों को लेकर सामने आते थे।

अब भारत में कथित सांस्कृतिक धार्मिक शुचिता व नैतिकता के नाम पर ऐसे हमले किए जा रहे हैं। एक अन्य खतरनाक घटना में, एक लोकप्रिय यूट्यूब शो में दिखाई देने वाली एक डिजिटल निर्माता अपूर्वा मुखीजा को बलात्कार और जान से मारने की ऑनलाइन धमकी दी गई। इस पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने हस्तक्षेप करते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। निस्संदेह, इन लोगों का रवैया बता रहा है कि इस तरह की वारदातों के पीछे एक तय एजेंडा काम कर रहा है जिसका लक्ष्य कथित नैतिकता के संरक्षण के नाम पर हिंसा कर आतंक की नई फसल को तैयार करना है । सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसरों, विशेष कर महिलाओं को कथित सांस्कृतिक मूल्यों के संरक्षण के नाम पर तेजी से निशाना बनाया जा रहा है।

# राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आपको अपने पद और आय को एक समान बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे। जीवन में खुशियों की प्राप्ति होगी। आज विद्यार्थियों को अपनी मेहनत के अनुकूल परिणाम न मिलने से कुछ उदासी रहेगी, परंतु हिम्मत न हारें और प्रयासरत रहें। विरोधी पक्ष आपके लिए कोई परेशानी खड़ी कर सकता है, चौकन्ना रहना भी जरूरी है। अपने खर्चों को कम करके आर्थिक समस्या से बच सकते हैं। आज आप कई तरह की गतिविधियों में दिन बिताएंगे इसके साथ ही कठिन से कठिन काम को पूरा कर लेंगे।

**वृषभ**
आज आपके दिन की शुरुआत थोड़ा कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में अच्छा लाभ मिलने से उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। अगर घर में सुधार संबंधी कोई गतिविधि चल रही है, तो अपने सामर्थ्य के अंदर ही खर्च करेंगे। आपका किसी नए वाहन को खरीदने का सपना आज पूरा होगा। आप आज किसी से अपने मन की बातों को शेयर करेंगें और वह आपकी बातों की अहमियत देगा। संतान की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आज बिल्डर्स किसी मकान की सेल से अच्छा लाभ कमाएंगे।

**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए व्यस्तता से भरा रहने वाला है। ऑफिस के काम में आज आपके सामने कई चुनौतियां भी आएंगी। धैर्य से निर्णय लेने पर सफलता के आसार खुलेंगे। आज अपने कार्यों में सफलता पाने के लिए थोड़ा स्वार्थी होना पड़ सकता हैं। आज बेवजह बाहरी गतिविधियों में समय बिताने से खर्च बढ़ेगा। अपने महत्वपूर्ण कार्यों में किसी जानकर व्यक्ति की सलाह अवश्य लें, ऐसा करना आपके लिए बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। किसी जरूरी काम से की गई यात्रा सुखद रहेगी। इस राशि के आर्ट्स स्टूडेंट्स को पढ़ाई-लिखाई में शिक्षकों से मदद मिलेगी।

**कर्क**
आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज किसी से बातचीत करते समय आपको थोड़ी सावधानी बरतने की जरूरत है। आज सकारात्मक दिनचर्या रहेगी। आपकी बहुत सी परेशानियों का हल निकलेगा। किसी नजदीकी मित्र या रिश्तेदार के साथ संबंधों में मधुरता आएगी। आप अपने आपको बेहतर महसूस करेंगे। आज घर से संबंधित गतिविधियों पर आपको सहयोग देना होगा। इससे परिवार काफी हद तक सुरक्षित महसूस करेगा। दोस्तों के साथ शाम को अच्छा समय बीतेगा। बिजनेस को आगे बढ़ाने के बारे में आप किसी से विचार-विमर्श करेंगे।

**सिंह**
आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। समाज में आज आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। आज कारोबार में लोगों के अनुभव को आत्मसात करना तरक्की में सहायक रहेगा। प्रॉपर्टी संबंधित व्यवसाय में सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। इससे आर्थिक स्थिति मजबूत हो जाएगी। आज किसी ऑर्डर को पूरा करने के लिए उधार लेना पड़ सकता है जिसे आप जल्द चुका भी देंगे। ऑफिस में पदोन्नति के साथ-साथ इन्क्रीमेंट मिलने से आप काफी उत्साहित होंगे।

**कन्या**
आज का दिन आपके लिए मिला ङ्क जुला रहने वाला है। आज आप शॉपिंग करने जा सकते हैं। आपकी व्यापारिक योजनायें सफल होंगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने से आपको सुकून मिलेगा और दोबारा से अपने आपको तरोताजा महसूस करेंगे। अपनी ऊर्जा का भरपूर उपयोग करें। आज उधार दिया हुआ या फंसा हुआ पैसा वापस मिलने की उचित संभावना है। आज आपको रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। आपको आज किसी मित्र से धन का लाभ होगी जिससे बैंक बैलेंस मजबूत होगा।

**तुला**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज व्यवसाय में वर्तमान में जैसा चल रहा है, उसी पर अपना ध्यान केंद्रित रखें। किसी भी नए काम को शुरू करने के लिए समय अनुकूल नहीं है। अगर कहीं निवेश करने का प्लान कर रहे हैं तो उचित रहेगा। दूरदराज क्षेत्रों से व्यवसायिक संपर्क बनेंगे। परिवार में सभी आपके व्यवहार से खुश रहेंगे। स्वास्थ्य को लेकर लापरवाही न करें, मॉर्निंग एक्सरसाइज की रूटीन अपनाएं, आपको लाभ जरुर मिलेगा। साथ ही आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज शाम को किसी मित्र की बर्थडे पार्टी में जायेंगे जहां आपके अन्य दोस्त भी होंगे। आज घर के वरिष्ठ लोगों का मान-सम्मान बनाए रखेंगे। बच्चों पर बहुत अधिक अंकुश न लगाएं, उनके साथ मित्रवत व्यवहार करना उचित होगा। अचानक ही किसी मेहमान के घर आने से आपकी दिनचर्या अस्त-व्यस्त भी हो जाएगी। इस राशि के जो लोग बड़ी कंपनियों में काम करते हैं, उनके लिए आज का दिन बेहद खास है।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। जिंदगी का एक बड़ा सबक इस बात को मान लेना है, कि बहुत सी चीजें समय के साथ बदलती है। आज व्यस्त और लाभकारी दिन है। प्रयास करने पर आपका कोई विशेष उद्देश्य पूरा हो सकता है। आज एनीमेशन डिजाइनर जॉब के लिए अप्लाई कर सकते हैं। जिंदगी में चल रही भागदौड़ के बीच आज आपको अपने लिए पर्याप्त समय मिलेगा और आप अपने मन पसंदीदा कामों को कर पाने में कामयाब होंगे।

**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो। आज अपने स्वभाव में ठहराव और सहजता लाएं। जल्दबाजी में सलिए गए फैसले बदलने पड़ सकते हैं। अन्य गतिविधियों में व्यस्तता की वजह से अपने निजी कार्यों पर ध्यान नहीं दे पाएंगे। चिंता न करें, जल्दी ही समय बेहतर होगा। आप ऑफिस से घर वापस आकर अपना पसंदीदा काम कर सकते हैं, इससे आपके मन को शांति मिलेगी। आज शोरूम के कारोबारियों की अच्छी इनकम होगी।

**कुंभ**
आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज का दिन तरक्की के नए नये मार्ग खोलेगा। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई पर पूरा फोकस बनाए रखें, जल्द ही आपको परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आज पुरानी बातें वर्तमान पर हावी न होने दें, क्योंकि इससे फायदा नहीं होगा, बल्कि संबंधों में दूरियां बढ़ सकती हैं। अपनी सोच सकारात्मक रखें। आज आर्थिक मामलों पर विशेष ध्यान देंगे। प्राइवेट जॉब में कार्यरत लोगों को आज प्रमोशन मिल सकता है।

**मीन**
आज का दिन जीवन में एक नई दिशा लेकर आएगा। आप ऐसे लोगों से मिलेंगे, जो भविष्य में आपकी मदद करेंगे। आज अपने नजदीकी मित्रों और संपर्क सूत्रों के साथ रिश्तों को और अधिक बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। आज पति-प प्रतिशती के बीच उचित तालमेल रहेगा। मित्रों के साथ गेट-टुगेदर और मेल-मिलाप संबंधी प्रोग्राम बनेंगे। इम्पोर्टेन्ट वर्क पूरा करने में ध्यान भटक सकता है, इसलिए अपने काम को कंसन्ट्रेट होकर करें जिससे आपको जल्द ही सफलता मिलेगी।

# 'ट्रंप की वापसी और 'मोदी मैजिक' की कूटनीतिक कसौटी: क्या भारत को अपनी विदेश नीति पर पुनर्विचार करना चाहिए?

**भारत की विदेश नीति को पिछले एक दशक में वैश्विक मंचों पर नई ऊंचाइयों तक ले जाने का श्रेय यदि किसी को जाता है, तो वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं। 'डिप्लोमैट मोदी' एक ऐसा नाम बन गया था जो हर वैश्विक सम्मेलन, प्रत्येक बहुपक्षीय मंच और हर बड़े द्विपक्षीय संबंध में भारत की उपस्थिति को प्रभावी बनाता रहा। लेकिन हाल के घटनाक्रमों के बाद यह सवाल उठना स्वाभाविक है – क्या अब यह मॉडल थक चुका है? क्या अब भारत को अपनी विदेश नीति के मूलभूत ढांचे में पुनर्रचना की आवश्यकता है?**

- डॉ. केशव पाण्डेय



डोनाल्ड ट्रंप की दूसरी पारी की शुरुआत ने भारत के सामने अप्रत्याशित कूटनीतिक चुनौतियां खड़ी कर दी हैं। पाकिस्तान के सेनाध्यक्ष असीम मुनीर को व्हाइट हाउस में लंच के लिए आमंत्रित कर ट्रंप ने एक स्पष्ट संकेत दिया है‑ उनका रवैया अब वैसा नहीं रहेगा जैसा 2016-20 के कार्यकाल में था। उस दौरान ट्रंप ने पाकिस्तान को 'धोखेबाज' और 'आतंकवादियों की पनाहगाह' कहा था, लेकिन अब वही ट्रंप पाकिस्तान को ÷पसंद करने÷ की सार्वजनिक घोषणा कर रहे हैं। भारत के लिए यह एक स्पष्ट संकेत है कि व्यक्तिगत संबंधों की नींव पर बनी कूटनीति की उम्र सीमित होती है।

'मोदी मैजिक' की बदलती विश्वसनीयता

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की रणनीति का प्रमुख स्तंभ रहा है नेता-से-नेता संबंध – यह एक ऐसा मॉडल था जिसमें व्यक्तिगत गर्मजोशी, सार्वजनिक आयोजन (जैसे "Ho2d4 Modi" और "Namaste Trump"), और 'नेताओं के मित्र' बनने की शैली को प्राथमिकता दी गई। इसने कई मौकों पर भारत को तेज़ कूटनीतिक लाभ भी पहुंचाया। चाहे अमेरिका हो, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया या अरब देश – मोदी ने व्यक्तिगत संवाद और मित्रता से द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाया। लेकिन वैश्विक कूटनीति केवल गर्मजोशी और तस्वीरों से नहीं चलती। ट्रंप के यू-टर्न, और कश्मीर मुद्दे पर बार-बार मध्यस्थता की पेशकश, यह दर्शाती है कि संस्थागत निरंतरता और रणनीतिक संतुलन बनाए बिना दीर्घकालिक हित सुरक्षित नहीं किए जा सकते।

बदलती भू-राजनीतिक सच्चाई और भारत की दुविधा

त7 सम्मेलन के दौरान कनाडा के साथ संबंधों की बहाली भारत की ओर से एक नई शुरुआत का संकेत है। लेकिन वहीं, ट्रंप और पाकिस्तान की नजदीकी चिंता का विषय बनी हुई है। यह विरोधाभास भारत की विदेश नीति की उलझन को दर्शाता है, भारत कहीं एक संतुलित कूटनीतिक चाल की तलाश में है। विशेषज्ञों के अनुसार, भारत की अब तक की रणनीति यह रही है कि पाकिस्तान को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सीमित वैधता दी जाए। लेकिन ट्रंप की 'व्यक्तिगत प्राथमिकताओं' की सनक से यह संतुलन डगमगाता दिख रहा है। ऐसे में अब



आवश्यकता है एक मल्टी-लेयर, मूल्य आधारित और दीर्घकालिक रणनीति की, जो केवल प्रतिक्रियात्मक न होकर प्रभावी नेतृत्वकारी हो। इस स्थिति में भारत को चाहिए कि वह निम्नलिखित पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करे

संस्थागत कूटनीति को प्राथमिकता दें‑ नेता-से-नेता संबंध तब तक स्थायी नहीं होते जब तक उनके पीछे मजबूत संस्थागत संबंध न हों। भारत को अमेरिका, यूरोप और एशिया में स्थायी नीति-स्तरीय संबंधों को सुदृढ़ करना होगा। मल्टी-पोलर गठजोड़ में संतुलन‑ QUAD, BRICS, SCO, I22 जैसे संगठनों में भारत की भूमिका केवल सहभागी की नहीं, बल्कि संयोजक की होनी चाहिए। उसे अमेरिकी रणनीति के पिछलग्गू की भूमिका से बाहर निकलना होगा।

व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाएं‑ भारत को अपनी विदेश नीति में भावनात्मकता और 'हम अच्छे हैं' वाली छवि से ऊपर उठकर हित-साधन की स्पष्ट रणनीति अपनानी चाहिए, ठीक उसी प्रकार जैसे अमेरिका, चीन या रूस करते हैं – जहां नैतिकता नहीं, राष्ट्रीय हित सर्वोपरि होता है।

वैकल्पिक साझेदारियों का निर्माण‑ केवल पश्चिमी देशों पर निर्भरता से बचते हुए भारत को अफ्रीका, लैटिन अमेरिका, दक्षिण-पूर्व एशिया और मध्य एशिया जैसे उभरते क्षेत्रों में रणनीतिक, सैन्य और आर्थिक साझेदारी विकसित करनी चाहिए। कूटनीतिक स्टैंड लेना होगा‑ अब समय आ गया है जब भारत को स्पष्ट और दृढ़ स्टैंड लेने होंगे, चाहे वह इजरायल-ईरान विवाद हो, यूक्रेन संकट हो या चीन की विस्तारवादी नीति।

तटस्थता एक नीति हो सकती है, लेकिन सक्रिय तटस्थता अधिक प्रभावी होती है। 'नया दौर, नई नीति ÷भारत की विदेश नीति अब एक मोड़ पर है। बदलते वक्त के साथ जरूरी हो जाता है कि इस नीति को अपनाकर समय रहते 'मोदी मैजिक' को एक नए रणनीतिक मैनेजमेंट मॉडल में बदला जाना चाहिए, जिसमें भावनात्मक अपील के साथ-साथ व्यवस्थित सोच, गहराई और संतुलन हो। डोनाल्ड ट्रंप की वापसी इस बात की याद दिलाती है कि किसी एक नेता या राष्ट्र पर अत्यधिक निर्भरता कूटनीतिक दृष्टि से जोखिमपूर्ण है। भारत को अब एक स्वतंत्र, विविध और रणनीतिक रूप से आत्मनिर्भर विदेश नीति की ओर बढ़ना होगा – जो बदलते वैश्विक समीकरणों में भारत की भूमिका को मजबूती से स्थापित करे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि अब ÷स्मार्ट डिप्लोमेसी वही है, जो भरोसे नहीं, संतुलन और रणनीति पर टिकी हो। समय आ गया है कि भारत विदेश नीति में भावनाओं से आगे बढ़े और सत्ता, संतुलन और स्वायत्तता की नई त्रयी गढ़े।'

**( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं )**



# ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम - मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

## मुख्यमंत्री ने कलेक्टर मुरैना को ग्रामीण पर्यटन परियोजना के सफल क्रियान्वयन के लिए अतुल्य भारत प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया

### ''ग्रामीण रंग पर्यटन संग''

मुरैना कांस

मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में पर्यटन बोर्ड के एमडी श्री शिवशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में ग्रामीण पर्यटन पर एक कार्यक्रम ग्रामीण रंग पर्यटन संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव थे। इस अवसर पर मध्यप्रदेश के संस्कृति मंत्री श्री धर्मेंद्र लोधी, स्वास्थ्य मंत्री श्री विश्वास सारंग भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित ग्रामीण रंग पर्यटन संग राज्य स्तरीय उत्सव में मुरैना कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, रागिनी फाउंडेशन अध्यक्ष श्रीमती दीपा दीक्षित को पर्यटन मिशन, मध्यप्रदेश के अंतर्गत ग्रामीण पर्यटन परियोजना के सफल क्रियान्वयन में समर्पित सहयोग, दूरदर्शी नेतृत्व और सक्रिय भागीदारी के लिए अतुल्य भारत प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मुरैना कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना को इस पहल के सफल



क्रियान्वयन में अमूल्य योगदान के लिए शुभकामनाएं दी।

मुरैना जिले के ग्राम मितावली, पढ़ावली, रिठौरा कला एवं ऐंती में ग्रामीण पर्यटन एवं महिलाओं के लिए सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के अंतर्गत रागिनी फाउंडेशन विगत कई वर्षों से सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। संस्था द्वारा स्थानीय महिलाओं के लिए रोजगार और स्व-रोजगार के अवसर सृजित करने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण, साफ-सफाई एवं जागरूकता कार्यक्रम भी निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं। परियोजना के सफल संचालन में जिला प्रशासन, जिला पुरातत्व विभाग नोडल डॉ. अशोक शर्मा, ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और स्थानीय समुदाय का महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ है। सभी संबंधित पक्षों के सहयोग से यह परियोजना न केवल ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा दे रही है, बल्कि स्थानीय स्तर पर महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण में भी सकारात्मक भूमिका निभा रही है। आगे भी यह पहल ग्रामीण विकास की दिशा में प्रभावशाली कदम साबित होगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्रामीण पर्यटन आत्मनिर्भरता और आत्म गौरव का प्रभावी माध्यम है। ग्राम स्तर पर पर्यटन गतिविधियों से जहां युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और आर्थिक उन्नति के अवसर उपलब्ध होते हैं, वहीं पर्यटन गतिविधियां, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, तीज-त्यौहार-पर्व और खानपान को राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी सहायक होती हैं। प्रदेश में विकसित हो रहे होम स्टे भारतीय सांस्कृतिक परंपरा के 'अतिथि देवो भव:' के भाव को चरितार्थ करने का माध्यम बन रहे हैं। होम स्टे संचालनकर्ता और राज्य सरकार का यह प्रयास है कि प्रदेश में आने वाले सभी अतिथि प्रदेश के बारे में सकारात्मक छवि और अच्छी स्मृतियां साथ लेकर जाएं।

# पं.अंकित शर्मा के मुखारबिंद से हनुमान गाथा का आयोजन आज

## दो दिवसीय आयोजन कैलाश विहार पार्क में

ग्वालियर कांस



अयोध्या धाम के महामंडलेश्वर श्री मयंक दास जी महाराज के सानिध्य में कैलाश विहार पार्क में श्री हनुमान गाथा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। यह आयोजन पंडित अंकित शर्मा के मुखारविंद से 21 और 22 जून को रात्रि ठीक 7:00 बजे से होगा। स्थान कैलाश विहार पार्क, सत्कार लॉज के पीछे निर्धारित किया गया है। आयोजकों ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओं से सपरिवार पधारकर धर्म लाभ लेने का आग्रह किया है। इस आयोजन के मुख्य संयोजक प्रमोद कुमार गुप्ता हैं, जबकि विनोद कुमार अस्ठाना संयोजक की भूमिका निभा रहे हैं। एस.एस. भटनागर अध्यक्ष, राम निवास शर्मा उपाध्यक्ष और डॉ. दिलीप समाधिया प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी हैं। स्वागत अध्यक्षों में महेश बत्रा और एम.एल. यादव शामिल हैं, वहीं अशोक गुप्ता संयोजक प्रचार की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। विजय पाराशर संयोजक प्रभारी हैं।

इस अवसर पर महिला एवं पुरुष संयोजिकाएं अनीता अस्थाना, सुनीता गुप्ता, लक्ष्मी अग्रवाल रेखा गोयल, कनक भटनागर, गिर्राज गोयल, डॉ. दिग्विजय सिंह, अरुण गौड़, प्रमोद बित्थारिया, महेश बित्थारिया और गोविंद गुप्ता संरक्षक के रूप में सेवा दे रही हैं।

इसके अतिरिक्त, कैलाश विहार पार्क में हनुमान कलश पुनर्स्थान समिति द्वारा 20 जून को सायं 5:30 बजे भूमि पूजन का आयोजन किया गया है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं को भूमि पूजन में भी सादर आमंत्रित किया है। यह आयोजन क्षेत्र में भक्ति और आस्था का माहौल निर्मित करेगा।

# 3 साल के बच्चे सहित पांच लोगों को हुआ कोरोना

ग्वालियर।



कॉविड-19 का संक्रमण बढ़ता ही जा रहा है। शुक्रवार को 10 नमूनों की जांच में पांच मरीज पॉजिटिव पाए गए हैं। जिसमें एक बच्चा तीन वर्ष का है। कुल पांच मरीजों में चार मरीजों की रिपोर्ट गजरा राजा मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब से मिली है। जबकि एक मरीज निजी पैथोलॉजी का है। रिपोर्ट के अनुसार दो मरीज मुरार नदी पार टाल के निवासी बताए गए हैं तो वहीं दो मरीज शिवाजी नगर आमखो के हैं। तो वहीं एक महिला मरीज नाका चंद्रबदनी की है उसकी उम्र 31 वर्ष बताई गई है। इस माह में अब तक 210 नमूनों की जांच हो चुकी है। जबकि संक्रमित व्यक्तियों की संख्या बढ़कर 65 हुई है, हालांकि 35 मरीज सही हो गए हैं। इस तरह रिकवर आंकड़ा भी बढ़ रहा है तथा एक्टिव केस की संख्या 30 है।

# वन ग्रामों में सर्वे करायेंगे, जो छूट गए हैं, उन्हें भी देंगे पट्टे : मुख्यमंत्री

## वन विभाग अपनी आय बढ़ाने के लिए करे प्रयास

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने की वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा

भोपाल ब्यूरो।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वन ग्रामों में भी पट्टे दिए जाएंगे। वन ग्रामों में सर्वे करवाया जायेगा और जो पात्र व्यक्ति छूट गए हैं उन्हें भी ससम्मान पट्टे दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सघन वन मध्यप्रदेश की पहचान है इसलिए वन विभाग प्रदेश की बेजोड़ सघन वन सम्पदा एवं वन्य जीव पर्यटन सुविधाओं में और अधिक विस्तार कर अपनी स्थायी आय के साधन बढ़ाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में वन विभाग की गतिविधियों की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में आने वाले पर्यटकों का प्रमुख आकर्षण बाघ का दिखाई देना है, जो वन विभाग की आय का प्रमुख साधन भी है। बफर एरिया में जरूरी सुविधाओं का विस्तार करें और विशेषज्ञों की सेवाएं लें। मुख्यमंत्री ने वरिष्ठ वन अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे गुजरात के वनतारा जाएं, उनका वन्य जीव रेस्क्यू सेंटर देखें और मध्यप्रदेश में भी ऐसे ही बड़े रेस्क्यू सेंटर की स्थापना की संभावनाओं पर गहनता से अध्ययन करें। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव वन श्री अशोक वर्णवाल, अपर मुख्य सचिव वित्त श्री मनीष रस्तोगी, पीसीसीएफ श्री असीम श्रीवास्तव, चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन सहित वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थ वनकर्मियों का करेंगे सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पदस्थापना वाले वनधिकारियों एवं कर्मचारियों को पौष्टिक आहार भत्ता एवं विशेष भत्ता आदि देकर उनका सम्मान किया जाएगा। साथ ही वन सुरक्षा में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले वनकर्मियों को आउट आफ टर्न प्रमोशन देने पर भी वन विभाग विचार कर प्रस्ताव दें।

### देश के पांच सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में तीन मध्यप्रदेश के

अपर मुख्य सचिव वन ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा देश के सभी टाइगर रिजर्व की ग्रेडिंग की गई थी। देश के पांच सर्वोत्तम टाइगर रिजर्व में से तीन मध्यप्रदेश की पावन धरा पर स्थित हैं। यह प्रदेश के लिए अत्यंत गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि गत वित्त वर्ष में देश में 1.67 लाख से अधिक वन पर्यटक टाइगर रिजर्व में आए। इनमें से 80 हजार से अधिक वन पर्यटक मध्यप्रदेश के तीन टाइगर रिजर्व में आए। उल्लेखनीय मध्यप्रदेश में वर्तमान में 9 टाइगर रिजर्व संचालित हैं। सागर जिले में 258.64 वर्ग कि.मी. वन क्षेत्र में डॉ. भीमराव अम्बेडकर अभयारण्य की स्थापना की अधिसूचना भी जारी कर दी गई है।

# हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए वितरित किया जाना सुनिश्चित कराएं : सांसद श्री जनार्दन मिश्र

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक संपन्न



**रीवा,कासं.।** जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक सांसद श्री जनार्दन मिश्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि हितग्राहीमूलक योजनाओं का नियत समय पर ऋण स्वीकृत करते हुए उनका वितरण सुनिश्चित किया जाए। बैंकर्स व विभागीय अधिकारी समन्वय के साथ केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को लाभ दिलाएं। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित डीएलसीसी की बैठक में सीडी रेशियो में कम प्रगति होने पर इंडियन बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, सेंट्रल बैंक आफ इंडिया तथा यूको बैंक के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लेख किए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में अनुपस्थित बैंकर्स व विभागीय अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर वार्षिक क्रेडिट प्लान को बेहतर बनाने तथा अधिक से अधिक केसीसी वितरित किए जाने की बात बैंकर्स से कही गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने बैठक में निर्देश दिए कि बैंकों में प्रस्तुत प्रकरणों को लंबित न रखें। स्वसहायता समूहों को ऋण देते हुए डेयरी उत्पाद के लिए क्लस्टरवार एसएचजी को ऋण स्वीकृति में प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि विभागीय योजनाओं के जो लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं उन्हें नियत समय पर पूर्ण कराएं ताकि आगामी त्रैमास में उल्लेखनीय प्रगति हो सके। उन्होंने निर्देश दिए कि डीएलसीसी की बैठक में जिम्मेदार विभाग प्रमुख व बैंकर्स अनिवार्यतः उपस्थित रहें। इस अवसर पर नाबार्ड अंतर्गत बनाए जाने वाले प्रोटेन्सिव लिंक्ड क्रेडिट प्लान के लिए विभागीय अधिकारियों से डाटा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि रामनागर, एलडीएम जगमोहन, डीडीएम नाबार्ड सरोज जेना सहित बैंकर्स व विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# उप मुख्यमंत्री विश्व योग दिवस कार्यक्रम के होंगे मुख्य अतिथि

## विश्व योग दिवस पर जिला, विकासखण्ड तथा ग्राम पंचायतों में आज होगा सामूहिक योग




**रीवा,कासं.।** जिले भर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग दिवस पर सुबह 6 बजे से 8 बजे तक योगाभ्यास के विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा में शासकीय उत्कृष्ट उमावि मार्तण्ड क्रमांक एक में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि योग दिवस के कार्यक्रम प्रातः 6 बजे शुरू होंगे। सुबह 6 बजे विद्यार्थी तथा योगाभ्यास में शामिल होने वाले एकत्रित होकर अपना स्थान ग्रहण करेंगे। सुबह 6.05 बजे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल का उद्बोधन होगा। इसके बाद भोपाल से मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के योग दिवस संदेश और उद्बोधन का सुबह 6.30 बजे से 6.40 बजे तक सजीव प्रसारण सभी स्थलों में दिखाया जाएगा। इसके बाद प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विशाखापट्नम से योग दिवस के उद्बोधन का सुबह 6.40 बजे से सजीव प्रसारण दिखाया जाएगा। कार्यक्रम में सुबह 7 बजे से 7.45 बजे तक निर्धारित योग प्रोटोकाल के अनुसार सामूहिक योगाभ्यास होगा। कलेक्टर ने बताया कि विश्व योग दिवस पर जिले की सभी ग्राम पंचायतों तथा नगरीय निकायों में योगाभ्यास के कार्यक्रम होंगे। रीवा नगर निगम में विवेकानंद पार्क तथा अटल पार्क सिविल लाइन में योगाभ्यास का आयोजन किया जा रहा है। सभी माध्यमिक विद्यालय, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल, पॉलिटेक्निक कालेज, आईटीआई, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज सहित सभी शासकीय तथा निजी महाविद्यालयों में योग के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भी योग दिवस के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आयुष विभाग की सभी संस्थाओं एवं स्वास्थ्य केन्द्रों में भी योग दिवस के कार्यक्रम होंगे। इन कार्यक्रम स्थलों पर प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री जी के योग दिवस उद्बोधन के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के आयोजन के बाद अच्छी गुणवत्ता के फोटो और वीडियो विवरण के साथ आयुष डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर अपलोड कराएं।

# बच्चों का स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकता, बाल पोषण सुधार के लिए मिशन मोड में हो रहे प्रयास : मुख्यमंत्री



## मुख्यमंत्री डॉ. यादव से यूनिसेफ इंडिया की प्रमुख सुश्री सिंथिया मैककैफ्रे ने की सौजन्य भेंट

भोपाल ब्यूरो।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि महिलाओं और बच्चों का स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम इनके स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। सरकार के प्रयासों से बदलाव अब नजर आ रहे हैं। बाल पोषण सुधार के लिए मध्यप्रदेश में मिशन मोड पर प्रयास हो रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को यूनिसेफ इंडिया के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव से यूनिसेफ इंडिया की प्रमुख सुश्री सिंथिया मैककैफ्रे ने मुख्यमंत्री निवास में सौजन्य भेंट की। उन्होंने मध्यप्रदेश की महिलाओं और बच्चों, देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन, एमएचएम के लिए किशोरियों को नकद सहायता और राष्ट्रीय सीएमएएम के दिशा-निर्देशों को लागू करने तथा कुपोषण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव के कुशल नेतृत्व की सराहना की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति बेहद सजग और प्रतिबद्ध है। सरकार की बाल पोषण सुधार योजनाओं का लाभ हर सुपात्र बच्चे तक पहुंच रहा है।

# सीखो कमाओ योजना में अन्य ईपीएफ संस्थान जोड़ें : अपर कलेक्टर

## कौशल उन्नयन के साथ युवाओं को रोजगार के अवसर दें : अपर कलेक्टर



**रीवा,कासं.।** संभागीय आईटीआई रीवा के कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा कि प्रदेश और देश में तेजी से औद्योगिक विकास हो रहा है। औद्योगिक संस्थानों में कम्प्यूटर तथा अन्य आधुनिक मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षित युवाओं की अच्छी मांग है। आईटीआई में युवाओं को कौशल उन्नयन का प्रशिक्षण देने के साथ-साथ रोजगार का अवसर दें। सीखो कमाओ योजना का अन्य ईपीएफ संस्थानों में विस्तार करें। सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल तथा संजय गांधी हास्पिटल को भी सीखो कमाओ योजना में शामिल करें। जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग कम्प्यूटर प्रशिक्षण के 90 दिवसीय कोर्स के पात्र उम्मीदवारों का चयन करके उनका चिन्हित संस्थान से प्रशिक्षण शुरू कराएं। बैठक में प्राचार्य आईटीआई एसएन मिश्रा ने बताया कि आईटीआई में 24 ट्रेडों में तकनीकी प्रशिक्षण के लिए युवाओं से ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करके प्रशिक्षण प्रारंभ किया जा रहा है। आईटीआई में प्रशिक्षण के लिए 300 कम्प्यूटर की आईटी लैब उपलब्ध है। आईटीआई में प्रशिक्षण के बाद युवाओं को रोजगार का अवसर देने के लिए नियमित रूप से रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। महिलाओं के लिए भी कई प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित हैं। सीखो कमाओ योजना से अन्य संस्थानों को शीघ्र ही जोड़ा जाएगा। बैठक में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे, सहायक संचालक उद्यानिकी, सहायक संचालक खादी ग्रामोद्योग, उप संचालक कृषि यूपी बागरी उपस्थित रहे।

# सतनवाड़ा रेंजर सिकरवार की बड़ी कार्रवाई, 650 बीघा वन भूमि से अतिक्रमण से मुक्त कराया

## बरखाड़ी एवं गोपलिया ग्राम में की कार्रवाई, कब्जा रोकने के लिए जेसीबी से खोदे गए गड्ढे, होगा वृक्षारोपण



**शिवपुरी ब्यूरो।** वनमंडलाधिकारी सुधांशु यादव एवं उपवनमंडलाधिकारी ए. प्रभंजन रेड्डी के मार्गदर्शन में वन परिक्षेत्राधिकारी माधव सिंह सिकरवार ने सतनवाड़ा वन परिक्षेत्र की कमान संभालने के बाद से ही लगातार वन परिक्षेत्र में चल रही अवैध गतिविधियों एवं अतिक्रमणकारियों पर कार्रवाईयां की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को अतिक्रमणकारियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम बरखाड़ी एवं गोपलिया में लगभग 650 बीघा वन भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया है। उक्त कार्रवाई में 5 जेसीबी एवं 4 ट्रेक्टर ट्राली की मदद से 25 लोगों के कब्जे हटाकर गड्ढे खोदे गए जिससे आगे अतिक्रमण नहीं हो सके और उक्त भूमि पर वृक्षारोपण किया जाएगा। वन परिक्षेत्राधिकारी श्री सिकरवार ने उक्त कार्रवाई गुरुवार शाम 4 बजे से तीन अलग-अलग स्थानों पर एक साथ अभियान चलाकर शुरू की। जहां शेरगढ़ बीट के कक्ष क्रमांक पीएफ 919 बरखाड़ी में बाबू गुर्जर, शब्बीर खान सहित 25 लोगों के 101 हैक्टयर लगभग 505 बीघा वन भूमि के अवैध कब्जे को वन अमले, स्थानीय पुलिस एवं ग्राम वन समिति के सदस्यों, सुरक्षा श्रमिकों द्वारा संयुक्त दल बनाकर मौके पर पहुंचकर अतिक्रमणकारियों को बेदखल कर वन भूमि को वन विभाग के आधिपत्य में लिया गया। यहां वन भूमि पर बागड़, पत्थर की दीवारें और जेसीबी से खोदकर गड्ढे बनाए गए जिससे पुन: कब्जा ना हो सके। इसी गांव में बीट शेरगढ़ के कक्ष पी.एफ. 919 में एक अन्य जगह पर अजमल उर्फ अल्लू खान द्वारा ग्राम बरखाड़ी में ही लगभग 7 हैक्टर 28 बीघा वन भूमि पर अवैध रूप से बागड़ लगाकर खेती की जा रही थी, उक्त वन भूमि पर तत्समय वन अमले द्वारा अतिक्रमणरोधी कंटूर ट्रंच खुदवाई जाकर बीज बुवाई कार्य किया गया एवं अतिक्रमित वन भूमि को वन विभाग ने अपने अधिपत्य में लिया गया। बीट शेरगढ़ में ही गोपलिया गांव के समीप कक्ष क्र. पी.एफ. 921 एवं कक्ष क्र. 501 में श्रीलाल मोगिया एवं अन्य व्यक्तियों द्वारा लगभग 41.00 हैक्टर वन भूमि पर लगी हुई बागड, चैनलिंक फेसिंग को हटाकर अतिक्रमणकारियों को वन भूमि से बेदखल किया गया एवं वन भूमि को वन विभाग के आधिपत्य में लिया गया। इस प्रकार कुल लगभग 149.00 हैक्टर 659 बीघा वन भूमि को पांच जे.सी.व्ही मशीनों एवं चार ट्रेक्टर ट्रॉली के माध्यम से अतिक्रमणरोधी कटूर ट्रंच खोदी जाकर बेदखली की कार्यवाही की गई। रिक्त कराई गई भूमि पर वृक्षारोण एवं अन्य वानिकी कार्यों की रूप रेखा तैयार की जा रही है।

# विधायक द्वारा आदिवासियों से अभद्रता पर सहरिया क्रांति का आक्रोश, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी जिले में आदिवासी अधिकारों की आवाज बुलंद करने वाला सामाजिक आंदोलन %सहरिया क्रांति' एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार संगठन का निशाना सीधे पोहरी विधायक कैलाश कुशवाह पर है, जिन पर आरोप है कि वे सरकारी योजनाओं के नाम पर सहरिया आदिवासी समाज के लोगों के साथ अभद्र, अपमानजनक और अमर्यादित व्यवहार कर रहे हैं। बीते दिनों सहरिया समाज के युवा नेता औतार भाई सहरिया के साथ विधायक द्वारा की गई अभद्रता ने पूरे समाज में आक्रोश की लहर दौड़ा दी है।आज आदिवासी युवाओं ने जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने विधायक कैलाश कुशवाह के खिलाफ नरेवाजी कर एडीएम को ज्ञापन सौंपा मामला ग्राम में लगे नए बोरवेल में मोटर लगवाने की मांग से जुड़ा है, जिसे लेकर औतार भाई सहरिया ने विधायक कैलाश कुशवाह से गुहार लगाई थी। विधायक ने उन्हें अपने निवास पर बुलाया, लेकिन समस्या सुलझाने के बजाय कथित रूप से अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। जब गाँव में बोर लगाया गया तो तुम्हें मुझे माला पहनाने आना चाहिए था, तुम सम्मान नहीं करोगे तो तुम्हारे इलाके में कोई सरकारी काम नहीं होने दूंगा, जैसे कथनों ने आदिवासी समाज की भावनाओं को आहत किया है। यह घटनाक्रम किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि आदिवासी समाज के व्यापक अपमान की मिसाल बन गया है। सहरिया क्रांति संगठन ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर माँग की है कि प्रशासन यह सुनिश्चित करे कि सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी जनप्रतिनिधि की मध्यस्थता के सीधे हितग्राहियों तक पहुँचे। आदिवासियों को योजनाओं के लिए नेताओं के घर बुलाना तुरंत बंद किया जाए और प्रशासनिक अमला स्वयं गाँवों में जाकर समस्याएँ सुलझाए। संगठन ने यह भी कहा कि भविष्य में किसी भी जनप्रतिनिधि द्वारा आदिवासियों के साथ अपमानजनक व्यवहार की पुनरावृत्ति न हो, इसके लिए कड़ी निगरानी और स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएँ। साथ ही, यदि किसी विधायक या जनप्रतिनिधि द्वारा ऐसी घटना होती है तो उसके खिलाफ पुलिस प्राथमिकी दर्ज की जाए। सहरिया क्रांति का यह ज्ञापन जिले में आदिवासी स्वाभिमान और अधिकारों की नई चेतना का प्रतीक है। अब देखना है कि जिला प्रशासन और सरकार इस गंभीर मुद्दे पर क्या ठोस कदम उठाते हैं।

# झमाझम बारिश के बाद उफनते नाले में ट्रैक्टर-ट्रॉली बही, ग्रामीणों ने बचाया 4 युवकों को



**शिवपुरी ब्यूरो।** शिवपुरी जिले में झमाझम बारिश के बादशुक्रवार की सुबह कुंअरपुर गांव के पास एक ट्रैक्टर-ट्रॉली उफनते नाले को पार करने की कोशिश में बह गई। भारी बारिश के कारण नाला उफान पर था। जिस कारण ट्रैक्टर-ट्रॉली में सवार 4 युवक बहने लगे, लेकिन ग्रामीणों ने रस्सी से रेस्क्यू कर सभी युवकों को बचा लिया गया। जानकारी के अनुसार जिले के पटेवरी गांव के विनोद आदिवासी, विमल आदिवासी, पूरन आदिवासी और एक ट्रैक्टर चालक मिट्टी से भरी ट्रॉली लेकर शिवपुरी जा रहे थे। इस दौरान कुंअरपुर गांव के पास पेट्रोल पंप के पास नाले में तेज बहाव के बावजूद चालक ने ट्रैक्टर उतार दिया। पानी के तेज बहाव में ट्रॉली बहकर पुलिया के बीम में जा फंसी। इसके बाद मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने तत्काल रस्सियों की मदद से चारों युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। चालक की लापरवाही से हुए इस हादसे में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

**तेज आंधी तूफान से भूसा प्लांट की उड़ी टीनशेड, लाखों का नुकसान**

तेज आंधी व तूफान के आने से बीते रोज कई घटनाऐं कारित हुई जिसमें जी.एन बायो एनंजी सौलयूशन भूसा प्लांट के संचालक हरी शिवहरे ने बताया कि पोहरी स्थित समसपुर रोड़ पर बने भूसा प्लांट के गोदाम के चारों ओर लगी टीनशेड हवा में उड़ गई जिससे काफी नुकसान हुआ हैं। इतना ही नहीं टीनशेड के साथ-साथ ही लाखों रूपए के स्टोर कर रखा भूसा भी हवा में उड़ गया हैं। जिससे टीनशेड के साथ पास में बने ऑफिस की बिडिंग की छत भी धराशाही हो गई जिससे काफी नुकसान का सामना करना पड़ा है। श्री शिवहरे ने बताया कि जी.एन बायोएनंजी सौलयूशन प्लांट में लगभग 25 से 30 लाख रूपए की राशि क्षति हुई हैं।

# पिछोर पुलिस ने 2-2 हजार रूपए की इनामी आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शिवपुरी।** पिछोर थाना पुलिस ने अवैध शराब का परिवहन करने के एक मामले में फरार चल रहे 2-2 हजार रूपए के इनामी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पिछोर थाना प्रभारी जितेन्द्र मावई के अनुसार, घटना दिनांक 15.05.25 को मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी पिछोर टीम द्वारा मुखबिर सूचना पर कमलेश्वर मंदिर के पास पिछोर दिनारा रोड पर से एक बोलेरो पिकअप जिसका नम्बर क्क93ञ्ज5113 एवं एक मोटर साईकिल काले रंग की प्लसर जिसका नम्बर रूक्क33॥3666 को मय बोल्ट कैन की 46 पैटी व देशी प्लेन शराब की 9 पैटियां के साथ आरोपीगण इन्द्रपाल सिंह पुत्र बाजूराम लोधी उम्र 40 साल निवासी बदरखा मोटा थाना पिछोर, हेमन्त पुत्र पल्टुआ आदिवासी उम्र 19 साल निवासी ग्राम देवगढ़ थाना पिछोर, रामरतन पुत्र गोविन्द दास आदिवासी उम्र 32 साल निवासी ग्राम देवगढ़ थाना पिछोर को गिरफ्तार किया गया था । जिस पर से थाना पिछोर पर अप क्रमांक 282/25 धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया था । गिरफ्तार सुदा आरोपीगण को न्यायालय पेश किया गया था । गिरफ्तार सुदा आरोपीगण ने पूछताछ में राजीव लोधी व बबलू लोधी की भी अपराध में संलिप्तता एवं बराबर की हिस्सेदारी होना बताया था । उनकी गिरफ्तारी पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा 2000-2000 हजार रूपये के ईनाम कि घोषणा की गई थी। पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी महोदय पिछोर प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन में आज दिनांक 20/06/25 को फरार आरोपी राजीव पुत्र फूल सिंह लोधी उम्र 24 साल निवासी ग्राम पनिहारी पंचायत देवगढ थाना पिछोर बबलू पुत्र कल्याण लोधी उम्र 28 साल निवासी ग्राम मोटा बदरखा थाना पिछोर को गिरफ्तार किया जाकर जे आर पर माननीय न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह मावई, उनि संजय लोधी, सउनि जितेन्द्र यादव, सउनि कमल सिंह बंजारा, प्र आर संतोष यादव, आर देशराज गुर्जर, आर अरुण मेवाफरोश, आर धर्मेन्द्र लोधी, आर माधव शंकर की सराहनीय भूमिका रही।

# बेंहटा गांव में सचिव की दबंगाई, परिवार के साथ घर में घुसकर महिला को जमकर पीटा

**शिवपुरी ब्यूरो।** पोहरी थाना क्षेत्र के बेंहटा गांव में पंचायत सचिव की दबंगाई सामने आई है। सचिव ने अपने परिवार के साथ घर में घुसकर महिला के साथ जमकर मारपीट की है। सोशल मीडिया पर मारपीट का वीडियो सामने आया है। पीड़िता महिला ने आज पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। महिला किरण शाक्य ने बताया कि गांव के पंचायत सचिव सिरनाम सिंह शाक्य की नजर उसकी जमीन पर है और वह कब्जा करना चाहता है। जब उसने जमीन देने से मना किया तो 18 जून की रात करीब 9 बजे सचिव सिरनाम सिंह अपनी पत्नी सरस्वती, बेटे और बेटी के साथ घर में घुस आया और विवाद करने लगा। पीड़िता के अनुसार विवाद के दौरान चारों ने मिलकर मारपीट की। उसने कहा कि सचिव की पत्नी ने उसके बाल पकड़कर घसीटा और जमकर पीटा। इसका एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें महिला के साथ कुछ लोग मारपीट करते हुए दिख रहे है। किरण का आरोप है कि घटना की शिकायत पोहरी थाने में दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस ने सिर्फ एनसीआर दर्ज कर पल्ला झाड़ लिया। अब पीड़िता ने स्क्क कार्यालय पहुंचकर वीडियो साक्ष्य सौंपे हैं और आरोपियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# कनकदण्डवत यात्रा झुण्डपुरा पहुंची, हुआ भव्य स्वागत



**झुण्डपुरा।** नगर में कनकदण्डवत यात्रा आज पहुंची जिसका स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम चितौरा श्री श्री 1008 श्री बाबू महाराज मंदिर चितौरा सैपऊ धोलपुर राजस्थान से 30 मई से शुरू हुई कनकदण्डवत यात्रा आज 21 दिन पूरे कर 110 किलोमीटर से अधिक मार्ग तय किया। कनकदण्डवत यात्रा कर रहे भगत कल्ला बघेल एवं सचिन बघेल ने बताया कि यह यात्रा भक्ति और भगवान के मिलन का एक साधन है आज ग्राम चितौरा सैपऊ धोलपुर राजस्थान से चले लगभग 21 दिन पूरे हुए और लगभग 110 किलोमीटर का मार्ग पूर्ण हुआ अभी यह यात्रा बाबू महाराज करजोनी चंबल तक चलेगी और प्रभु की कृपा से पूर्ण होगी जब ईश्वर पर विश्वास होता है तो मनुष्य उसकी कृपा से सभी कार्य पूर्ण होकर मनोकामना पूरी होतीं है ।मैं बाबू महाराज के भरोसे से ही विश्वास और श्रद्धा से यह यात्रा कर रहा हूँ ईश्वर विश्व का कल्याण और विश्वास शान्ति प्रदान करे।इस अवसर पर घटा वाले हनुमान जी पर यात्रा के पहुंचने पर भोजन विश्राम की व्यवस्था की तथा स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया । यात्रा में कल्ला भगत जी ग्राम चितौरा श्री श्री 1008 श्री बाबू महाराज मंदिर चितौरा सचिन वघेल विनोद भगत जी हरिगिर अखाड़ा भूरा कंसाना कुंआ खेड़ा रुधैरा रमाकांत वघेल नरसी नकटपुरा राम खिलाड़ी दास ब्राह्मण साथ यात्रा में शामिल रहे।

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कोटैक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड द्वारा वाहन रजि. नं. एम.पी.33 AD 0851 जो कि जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में श्री बलवीर जाटव पुत्र श्री जगराम नि. ग्राम अमरपुर पोस्ट ऐंचवाड़ा तहसील पोहरी जिला शिवपुरी के नाम पंजीकृत है। जो कि कोटैक महिन्द्रा बैंक लिमिटेड द्वारा वित्त पोषित है। उक्त वाहन की किश्तें बकाया होने से उक्त वाहन को फायनेंस कम्पनी द्वारा अपनी सुपुर्दगी में ले लिया है। वर्तमान में उक्त वाहन को मुनेश कुमार पुत्र श्री रामसिंह नि. ग्राम पीरोंठ तह. बदरवास जिला शिवपुरी के नाम स्थानांतरित कराये जाने हेतु जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में स्थानांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी को इस वाहन को स्थानांतरित कराये जाने में आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर जिला परिवहन कार्यालय शिवपुरी में आपत्ति दर्ज करा सकता है।

**जिला परिवहन अधिकारी**
**जिला शिवपुरी म.प्र.**

# अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम परशुराम धर्मशाला में होगा आयोजित

**धौलपुर ब्यूरो।** माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशानुसार 11 वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय कार्यक्रम 21 जून को परशुराम धर्मशाला मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में आयोजित किया जायेगा। साथ ही जिले की समस्त ग्राम पंचायतों के साथ सभी उपखण्ड मुख्यालयों पर योग दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम मचकुण्ड के स्थान पर परशुराम धर्मशाला मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में 21 जून को प्रातः 6 बजे से आयोजित किया जायेगा। आयुष मन्त्रालय भारत सरकार के योग संगम पोर्टल के साथ ही राज्य सरकार के आयुष विभाग ने योग पोर्टल विकसित किया है। इस पर सभी ग्राम पंचायत और जिला स्तर के नोडल अधिकारी अपने योग स्थल का ऑनलाइन पंजीयन कर योग दिवस पर अभ्यासियों की संख्या व फोटो अपलोड करेंगे। जिला कलक्टर ने आमजन से अपील की है कि अपने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुये

योग दिवस पर अधिकाधिक संख्या में अपने नजदीक के कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित होकर योगाभ्यास करें।

**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल विद्युत अभियन्ता (क0वि0), उत्तर मध्य रेलवे, आगरा द्वारा खुली निविदा निम्न विवरणानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| **निविदा संख्याः** AGCTRDT202510 | **अनुमानित लागतः** रु. 32,69,824.5/- |
| **कार्य का नामः** आगरा डिवीजन में नॉन इंटरलॉक्ड एलसी गेट्स (संख्या 06) के इलेक्ट्रिक लिफ्टिंग बैरियर के साथ इंटरलॉकिंग के संबंध में 220 वी एसी आपूर्ति के लिए सहायक ट्रांसफार्मर का प्रावधान। | |
| **धरोहर राशिः** रु. 65,400/- | **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 09 माह |

1. निविदा पत्र भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर देखा व भरा जा सकते हैं।
2. निविदा पत्र सिर्फ भारतीय रेलवे की वेब साइट (www.ireps.gov.in) पर दि. 14.07.2025 को 15:30 बजे तक भरा जा सकता है।

1066/25 (ADM)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR

# धरती आबा अभियान के अन्तर्गत समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन




**धौलपुर ब्यूरो।** धरती आबा अभियान की प्रगति की समीक्षा हेतु बैठक का आयोजन मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ की अध्यक्षता में जिला परिषद में किया गया। बैठक में अभियान के अंतर्गत अब तक की गई गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्ययोजना पर विस्तृत चर्चा हुई। उपस्थित अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में हुए कार्यों की जानकारी साझा की। अभियान के उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु सामूहिक प्रयासों पर बल दिया गया तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धरती आबा अभियान के तहत निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें और समयबद्ध तरीके से प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक सकारात्मक माहौल में संपन्न हुई एवं सभी प्रतिभागियों ने अभियान को सफल बनाने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बैठक में विकास अधिकारी, डीपीएम राजीविका, पिरामल फाउंडेशन से विनय सिंह, तथा जिला परिषद के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नूराबाद पुलिस ने 15 किलो गांजा के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया



**मुरैना,कांस।** निरीक्षक ओपी रावत थाना प्रभारी नूराबाद को जरिए मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि टेकरी के पास टेकरी के पास पहाडी के पीछे एक ग्रे कलर की हुंडाई कार में बड़ी मात्रा में अवैध माद्यक पदार्थ गांजा भरा हुआ है, जिसे कुछ लोग बेचने की फिराख में हैं, मुखबिर की सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना प्रभारी नूराबाद एवं हमराह फोर्स द्वारा मुखबिर द्वारा बताए स्थान पर पहुंचकर देखा तो वहां पर एक ग्रे कलर की हुंडाई कार क्रमांक छ्र्र०६ह्र2928 खडी दिखी, जिसके आस-पास चैक किया तो कोई व्यक्ति नहीं मिला, बाद पुलिस द्वारा उक्त वाहन की चैकिंग की गई तो उसमें 17 पैकेट अवैध माद्यक पदार्थ गांजा (कुल 35.296 किलोग्राम कीमती करीबन 3 लाख 50 हजार रूपये का रखा मिला, जिसके संबंध में कोई दस्तावेज आदि उपलब्ध न होने से मौके से उक्त माद्यक पदार्थ मय वाहन के जब्त कर थाना वापसी पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 87/25 धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

# सिकल सेल एनीमिया दिवस पर संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

## धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत चल रहे शिविरों की प्रगति पर हुई चर्चा




**धौलपुर ब्यूरो।** सिकल सेल एनीमिया दिवस के अवसर पर पंचायत समिति सरमथुरा में गुरूवार को एक संवेदीकरण सह जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सिकल सेल एनीमिया जैसी गंभीर बीमारी के बारे में जनसामान्य को जागरूक करना और इसकी समय पर पहचान एवं उपचार के लिए प्रेरित करना रहा। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने जानकारी दी कि धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत जिले के 44 जनजातीय गांवों में सिकल सेल स्क्रीनिंग एवं जागरूकता शिविर चलाए जा रहे हैं। उन्होंने इन शिविरों की अब तक की प्रगति पर विस्तृत चर्चा करते हुए जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों से इस अभियान को सफल बनाने हेतु सक्रिय सहभागिता की अपील की। यह कार्यक्रम न केवल स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही, बल्कि यह जनजातीय समुदाय में स्वास्थ्य के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने की दिशा में भी एक सार्थक प्रयास सिद्ध हुआ। ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सरमथुरा ने सिकल सेल एनीमिया के कारण, लक्षण, जांच प्रक्रिया और उपचार के बारे में आमजन की भाषा में विस्तारपूर्वक जानकारी साझा की, जिससे उपस्थित जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं समुदाय के लोग सहज रूप से इसे समझ सके। कार्यक्रम में विधायक बसेड़ी संजय जाटव, ग्राम विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, बीपीएम, सीबीईओ राजीविका आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा सहयोगिनी, एवं पंचायत समिति के अधिकारी व कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे।



# वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जल संसाधन विभाग द्वारा 500 से अधिक पौधों का रोपण

**धौलपुर, 20 जून।** जल संसाधन विभाग द्वारा जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के अन्तर्गत विभिन्न जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। जल संसाधन खण्ड द्वितीय द्वारा ग्राम विश्नौदा में कालीतीर क्षेत्र की आवंटित भूमि पर लगभग 100 पौधे लगाए गए। इसी क्रम में जल संसाधन लिफ्ट खण्ड, धौलपुर द्वारा सागरपाड़ा कैंपस में शुक्रवार को 400 पौधों का रोपण किया गया। इन गतिविधियों में विभागीय अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों की सक्रिय भागीदारी रही। वृक्षारोपण के ये प्रयास जलवायु संतुलन एवं भूजल संरक्षण की दृष्टि से महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के तहत जिले में जनसहभागिता को प्रोत्साहित करते हुए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम, संवाद, स्वच्छता गतिविधियाँ एवं सामूहिक सहभागिता आधारित आयोजन हुए। जल संसाधनों के सतत संरक्षण और संवर्धन की दिशा में यह अभियान जिले में एक सकारात्मक एवं प्रभावी पहल सिद्ध हुआ है। इस दौरान अधीक्षण अभियन्ता सुरेश चन्द मीणा, अधिशाषी अभियन्ता बिज्जेलाल शर्मा सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# निर्वाचन आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरण की प्रक्रिया को तेज किया

## मतदाताओं को 15 दिनों के भीतर मिलेगा मतदाता फोटो पहचान पत्र, मतदाता सूची में अद्यतन के बाद

**धौलपुर ब्यूरो।** मतदाता फोटो पहचान पत्र को तेजी से मतदाताओं तक पहुंचाने के उद्देश्य से, भारत निर्वाचन आयोग ने एक नई मानक संचालन प्रक्रिया शुरू की है, जिसके अंतर्गत मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के अद्यतन - चाहे वह नए मतदाता का नामांकन हो या पहले से पंजीकृत मतदाता के विवरण में कोई परिवर्तन के 15 दिनों के भीतर मतदाता फोटो पहचान पत्र वितरित किया जाएगा। यह पहल मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार तथा निर्वाचन आयुक्तगण डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए शुरू किए गए विभिन्न उपायों के अनुरूप है। नई प्रणाली के अंतर्गत मतदाता फोटो पहचान पत्र बनाने की प्रक्रिया से लेकर उसके भारत डाक विभाग के माध्यम से मतदाता तक वितरण होने तक के हर चरण की वास्तविक समय (रीयल टाइम) में निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं को प्रत्येक चरण की स्थिति की जानकारी एसएमएस के माध्यम से दी जाएगी, जिससे वे अपने मतदाता फोटो पहचान पत्र की स्थिति से अवगत रह सकें। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में लॉन्च किए गए ईसीआईनेट प्लेटफॉर्म पर एक समर्पित आईटी मॉड्यूल प्रस्तुत किया है। यह नया आईटी प्लेटफॉर्म मौजूदा प्रक्रिया को पुनः संरचित करके कार्यप्रवाह को सुव्यवस्थित करेगा और पूर्ववर्ती प्रणाली का स्थान लेगा। भारत डाक विभाग के एप्लीकेशन प्रोग्राम इंटरफेस को ईसीआईनेट से एकीकृत किया जाएगा, जिससे मतदाता फोटो पहचान पत्र का निर्बाध वितरण सुनिश्चित हो सके। इस पहल का उद्देश्य सेवा वितरण को बेहतर बनाना है, साथ ही डेटा सुरक्षा को भी बनाए रखना है। निर्वाचन आयोग के लिए सभी मतदाताओं को त्वरित और कुशल निर्वाचन सेवाएं प्रदान करना एक प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्र है। यह उल्लेखनीय है कि पिछले चार महीनों में आयोग ने मतदाताओं और अन्य हितधारकों के लाभ के लिए कई पहलें की हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने इस संबंध मे समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों से वीसी द्वारा बैठक कर अनुपालना सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

# कैलारस में प्रशासनिक अधिकारियों एवं कोचिंग संचालकों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न

## 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चो को कोचिंग ना बुलाए, कोचिंग सेंटरों का पंजीयन हो सीसीटीवी कैमरे लगे, तय गाइड लाइन अनुसार संचालन हो, विद्यालय समय में कोचिंग न चले

## कैलारस कोचिंग संचालकों द्वारा शासन की गाइडलाइन का उल्लंघन करने पर होगी कठोर कार्रवाई : सुश्री प्रिया सिंह

**कैलारस।** कैलारस विकासखंड के अंतर्गत 20 जून 20 25 को जनपद पंचायत कैलारस के रिसोर्स सेंटर में कोचिंग संचालकों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में प्रमुख रूप से तहसीलदार विश्राम बघेल , सहायक संचालक शिक्षा प्रिया सिंह, डीडीओ जयवीर सिंह जादौन ,बीआरसी डॉ. धर्मेंद्र सिंह धाकड़, संकुल प्राचार्य जालेंद्र प्रसाद गौड, , मुकेश रजक मौजूद रहे बैठक को संबोधित करते हुए सहायक संचालक शिक्षा प्रियासिंह ने कहा कि सभी कोचिंगों का फर्म एवं सोसाइटी ग्वालियर से पंजीयन होना आवश्यक है बिना पंजीयन के कोई भी कोचिंग संचालित पाए जाने पर उसके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही होगी, प्रत्येक कोचिंग संचालक को अपनी कोचिंग का रजिस्ट्रेशन नंबर, अपना नाम, पता, योग्यता, मोबाइल नंबर, आदि कोचिंग के बाहर बोर्ड पर प्रदर्शित करना होगा तथा समस्त कोचिंग संचालकों को शासकीय विद्यालय समय 10:30 से 4:30 बजे में कोचिंग संचालित नहीं करनी होगी शासकीय विद्यालयों के समय में कोचिंग संचालित पाई जाने पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी, बैठक को संबोधित करते हुए तहसीलदार विश्राम बघेल ने कहा कि प्रत्येक कोचिंग संचालक को छात्र एवं छात्राओं के लिए प्रथक प्रथक बैच संचालित करने होंगे तथा सभी प्रकार की कोचिंग ग्राउंड फ्लोर पर ही संचालित होगी कोई भी कोचिंग भवन के प्रथम मंजिल द्वितीय मंजिल तृतीय मंजिल या ऊपरी मंजिल तथा मकान की बेसमेंट में संचालित नहीं होगी, सभी कोचिंग संचालकों को अपनी अपनी कोचिंग सेंटरों के कक्ष में अग्निशमन यंत्र लगाना अनिवार्य होगा सभी कोचिंग संचालकों को अपनी-अपनी कोचिंग पर सीसीटीवी कैमरा प्रवेश द्वार पर लगाना अनिवार्य है बिना सीसीटीवी कैमरा के कोई भी कोचिंग संचालित नहीं होगी सभी कोचिंग संचालकों को पार्किंग की व्यवस्था करनी होगी तथा सभी कोचिंग संचालक अपनी-अपनी कोचिंग सेंटरों पर छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय एवं मूत्रालय आज की व्यवस्था करेंगे, बैठक को संबोधित करते हुए डीडीओ जयवीर सिंह जादौन ने कहा कि सभी कोचिंगों मे जितने भी छात्र रजिस्टर्ड है उन सभी के आईडी कार्ड अनिवार्य रूप से तैयार कर छात्राओं को वितरित करेंगे तथा साथी कोचिंग संचालक यह सुनिश्चित करेंगे प्रतिदिन छात्र एवं छात्राओं की आईडी कार्ड साथ में लगाकर आवे अन्यथा की स्थिति में संबंधित छात्र को कोचिंग पर प्रवेश न दें तथा सभी कोचिंग संचालक अपनी-अपनी कोचिंग पर छात्रों से ली जाने वाली शुल्क का रिकार्ड संधारित करेंगे और तथा शासन के नियमानुसार उनका पालन करेंगे और सभी कोचिंग संचालक छात्रों को स्वच्छ पेयजल तथा गर्मी से



बचाव हेतु एसी या कूलर या पंखाआदि की समुचित व्यवस्था करेंगे सभी कोचिंग संचालक नवीन शिक्षा पद्धति के अनुसार 16 वर्ष से कम आयु के साक्षत्रों को कोचिंग प्रदान नहीं करेंगे यदि निरीक्षण या शिकायत के दौरान ऐसा पाया जाता है तो संबंधित कोचिंग संचालक के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी तथा समस्त कोचिंग संचालक सुरक्षा की दृष्टि से समय-समय पर बिजली के तार या बोर्ड आज की प्रशिक्षित या अनुभवी मिस्त्री से जांच कराएंगे इस हेतु किसी प्रकार की लापरवाही ना हो, बैठक को संबोधित करते हुए बिहार से डॉक्टर धर्मेंद्र सिंह धाकड़ ने कहा की नगरी क्षेत्र में संचालित कोचिंग के संचालकों को कोचिंग संचालन करने के लिए नगर परिषद कैलारस से कोचिंग संचालक की अनुमति लेना अनिवार्य होगी एवं नगर परिषद के निर्देशों एवं नियमों का पालन करना अनिवार्य होगा जिन छात्र-छात्राओं को कोचिंग संचालक अध्यापन करा रहे हैं।

उनकी सूची में नाम पिता का नाम पता स्कूल का नाम तथा समग्र आईडी और मोबाइल नंबर आदि पुलिस थाना कैलारस में एवं बी ई ओ कार्यालय कैलारस में जमा कराना सुनिश्चित करें तथा सभी कोचिंग संचालक विशेष रूप से ध्यान दें कि वे बैच छोड़ने के उपरांत तथा कुछ समय के अंतराल के बाद ही दूसरे बैच के छात्रों को प्रवेश देना सुनिश्चित करें इसके लिए स्वयं के खर्चे पर कोई सुरक्षा गार्ड रखा जाना ही आवश्यक होगा यदि किसी कोचिंग पर छात्रों के बीच किसी प्रकार का वाद-विवाद या झगड़ा होता है तो इसके लिए कोचिंग संचालक पूर्ण रूपेण दोषी माना जाएगा और उसके विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी सभी कोचिंग संचालक अपनी-अपनी कोचिंगों पर कॉमर्शियल विद्युत मीटर लगवाना सुनिश्चित करें ना लगे होने की स्थिति में विद्युत विभाग द्वारा कार्यवाही की जाएगी, सभी कोचिंग संचालक को अपनी कोचिंग संस्थान और जिस भवन में कोचिंग संचालन किया जा रहा है उसके भवन स्वामी के बीच रजिस्टर्ड किरायानामा या रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करना आवश्यक होगा उसकी एक प्रति पुलिस थाना कैलारस एवं वीईओ कार्यालय कैलारस में जमा कराना सुनिश्चित करें उपरोक्त सभी नियमों का कड़ाई से पालन करें पालन न करने की स्थिति में संबंधित कोचिंग संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जावेगी। तहसीलदार विश्राम बघेल ने कहा कि यदि कोई भी शासकीय शिक्षक विद्यालय समय में या अन्य किसी भी समय में कोचिंग संचालित करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी इसका निरीक्षण सभी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा समय समय पर किया जाएगा तथा सभी संकुल प्राचार्य अपने-अपने क्षेत्र में इसकी सघन मॉनिटरिंग कर शासकीय शिक्षकों की कोचिंग संचालित पाए जाने पर उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु प्रतिवेदन वरिष्ठ कार्यालय को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

# बागचीनी पुलिस ने युवती की हत्या के मामले का 72 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को प्रयुक्त हथियार सहित गिरफ्तार किया

## प्रेम प्रसंग के कारण युवती के पिता एवं दादा ने हत्या को अंजाम दिया था

**मुरैना,कांस।** बागचीनी थाना क्षेत्र में दिनांक 16.06.25 को ग्राम बदरपुरा में यात्री प्रतिक्षालय के पास एक युवती की गोली मारकर हत्या करने संबंधी सूचना प्राप्त होने पर बागचीनी पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ की गई। तत्समय मृतिका मलिष्का की मृत्यु के संबंध में उसके पिता लाखन सिंह द्वारा 02 अज्ञात आरोपियों द्वारा उसकी पुत्री मलिष्का की गोली मारकर हत्या करना बताया गया। प्रथमदृष्ट्या मामला संदिग्ध प्रतीत होने से थाना बागचीनी पर मर्ग क्रमांक 25/25 धारा 194 बीएनएसएस का पंजीबद्ध कर जांच में लिया गया। पुलिस अधीक्षक मुरैना, श्री समीर सौरभ (भापुसे) द्वारा घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए उक्त अंधे कत्ल की वारदात का शीघ्र खुलासा करने, आरोपीगण की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु प्रथक प्रथक 04 पुलिस टीमों का गठन किया गया एवं थाना प्रभारी बागचीनी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक, श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन, श्री नितिन बघेल एसडीओपी जौरा एवं श्री रवि प्रकाश भदौरिया, एसडीओपी अम्बाह के निर्देशन में घटित पुलिस टीम द्वारा



घटनास्थल के आस-पास का निरीक्षण किया गया, संदेहियों से पूछताछ की गई एवं अन्य तकनीकी साक्ष्य संकलित कर मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। प्रकरण की जांच के दौरान एकत्रित साक्ष्य अनुसार पुलिस को जानकारी प्राप्त हुई कि मृतिका के अपने चाचा के साले से प्रेम संबंध थे एवं करीबन 1.5 वर्ष पूर्व वह उसके साथ कहीं चली गई थी। तत्समय 02-03 दिन बाद मृतिका का पिता लाखन उसे वापस घर ले आया था। उक्त तथ्य के आधार पर पुलिस द्वारा मृतिका के पिता एवं दादा से हिकमतअमली से पूछताछ करने पर उनके द्वारा तत्समय मृतिका के कारण हुई बदनामी की वजह से मृतिका की कट्टे से गोली मारकर हत्या की घटना कारित करना स्वीकार किया गया। मर्ग सदर की सम्पूर्ण जांच के दौरान आयी साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण लाखन पुत्र सिरनाम कडेरा, सिरनाम पुत्र नेनुका कडेरा निवासीगण बदरपुरा के विरूद्ध अपराध क्रमांक 114/25 धारा 103,238,3 (5) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण को दिनांक 19.06.25 को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त अवैध हथियार 315 बोर के 02 कट्टे एवं 01 खाली खोखा व 01 जिन्दा राउन्ड जब्त किया गया। गिरफ्तारशुदा दोनों आरोपीगण को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया।

# कैलारस पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपी को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया

**मुरैना,कांस।** थाना पुलिस को फरियादी दर्शनलाल धाकड़ निवासी ग्राम हटीपुरा द्वारा थाना पर उपस्थित होकर रिपोर्ट की गई कि घरेलू बंटवारे उसके छोटे लडके रिन्कू धाकड के साथ उसके बड़े लड़के नीरज धाकड़ द्वारा गोली चल कर घायल कर दिया है, पुलिस अधीक्षक, मुरैना द्वारा घटना की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते प्रकरण में फरारशुदा आरोपी की गिरफ्तारी एवं घटना में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी हेतु थाना प्रभारी कैलारस को निर्देशित किया गया, उक्त निर्देशों के तारतम्य में अति. पुलिस अधीक्षक मुरैना श्री सुरेन्द्र पाल सिंह डावर के निर्देशन एवं एसडीओपी कैलारस श्री रवि सोनेर के मार्गदर्शन में निरी वीरेश सिंह कुशवाहा थाना प्रभारी कैलारस द्वारा थाना पर टीम गठित की गई एवं मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया। पुलिस के सतत प्रयासों एवं कडी मेहनत मुशक्कत के फलस्वरूप दिनांक 18.06.25 को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर उक्त हत्या के



प्रयास की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी नीरज पुत्र दर्शनलाल धाकड को नेपरी पुराने पुल के पास से गिरफ्तार कर आरोपी से पूछताछ उपरांत उसके कब्जे से प्रयुक्त अवैध हथियार 315 बोर का एक देशी कट्टा व एक 315 बोर का जिन्दा राउंड जब्त किया गया। गिरफ्तारशुदा आरोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल दाखिल किया गया। इस कार्रवाई में सराहनीय भूमिका उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरी वीरेश कुशवाह, उनि हिमांशु यादव, उनि संतोष बाबू गौतम, प्रआर 889 दातार सिंह, प्रआर 213 पंचम सिंह, आर 893 विकाश शर्मा, आर 520 ब्रजराज सिंह, आर 745 रोहित घनघोरिया, आर 346 अरमान शाह, आर 337 सुरेन्द्र सिंह कुशवाह, आर. 914 रवि यादव, आर 397 विष्णु जाट, आर 705 शिवकुमार जाट आर 486 विष्णु शर्मा, आर 852 राकेश सिंह कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही है।

# भारतीय स्टेट बैंक का विशाल रक्तदान शिविर आज, रक्तदान एक जीवनदायी पहल

**मुरैना,कांस।** भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय व्यावसायिक कार्यालय, मुरैना द्वारा प्लेटिनम जुबली (70वीं वर्षगांठ) के उपलक्ष्य में एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस मानवीय पहल का उद्देश्य जरूरतमंदों को जीवनदायिनी सहायता प्रदान करना है। यह शिविर 21 जून 2025 को सुबह 07.00 बजे से 11ः00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। रक्तदान शिविर का आयोजन मुख्य शाखा राधिका प्लेस पर रहेगा। बैंक ने सभी से अनुरोध किया है कि वे इस पुनीत कार्य में पूरे उत्साह के साथ अपने परिवारजनों, सहयोगियों, मित्रों और बैंक के ग्राहकों आदि के साथ मिलकर स्वेच्छिक रूप से योगदान दें। ÷आपका रक्तदान - किसी के जीवन की आशा बन सकता है÷ के नारे के साथ, यह पहल वास्तव में जरूरतमंदों के लिए जीवन बचाने का अवसर प्रदान करती है। इस अवसर पर, बैंक मुख्य प्रबंधक योगेंद्र सिंह गौतम ने कहा, ÷हम इस प्लेटिनम जुबली को एक सार्थक तरीके से मनाना चाहते हैं, और रक्तदान शिविर का आयोजन इसी दिशा में एक कदम है। हमें उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग इस पहल में भाग लेंगे और इसे सफल बनाएंगे। यह रक्तदान शिविर न केवल भारतीय स्टेट बैंक की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है, बल्कि यह समुदाय में रक्तदान के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने में भी मदद करेगा।

# श्री राधे दाऊजी कृपा एनर्जी द्वारा किसानों के लिए भव्य इनामी योजना




(चम्बलसुर्खी संवाददाता)

**सबलगढ़।** श्री राधे दाऊजी कृपा एनर्जी द्वारा ट्रेक्टर मालिक किसानों के लिए भव्य इनामी योजना शुरू की गई है।उक्त इंडियन ऑयल पैट्रोल पम्प के प्रोप्राइटर बसंत बंसल ने बताया कि नए या पुराने किसी भी ट्रेक्टर में महीने में 51 हजार का डीजल डलवाने पर 10 ग्राम का चांदी का सिक्का और एक लाख एक हजार का डीजल डलवाने पर 50 ग्राम का चांदी का सिक्का उपहारस्वरूप दिया जाएगा।उल्लेखनीय है कि सबलगढ़ में इस प्रकार की योजना पहली बार शुरू की गई है।

# शिक्षण संस्थानों के आसपास का माहौल असुरक्षित, असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई की जाए

## शिक्षा, छात्रहित में जिला प्रशासन से की सुरक्षा व्यवस्था सुधारने की मांग

**मुरैना,कांस।** शहर के कोचिंग सेंटर सहित अन्य शिक्षण संस्थाओं के आसपास बढ़ रही छेड़छाड़, मारपीट, गोलीबारी की जैसी अपराधिक घटनाओं की शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ नरेश सिंह सिकरवार ने भर्त्सना की है। अध्यक्ष डॉ सिकरवार ने कहा कि जिन इलाकों में बहुतायत में छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण करने जाते है वहां इस तरह आए दिन छात्रों, असमाजिक तत्वों, उत्पाती गुटों के बीच मार पीट से माहौल दूषित हो रहा है। सतत पुलिसिंग, मॉनिटरिंग के अभाव में गेंगवार की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है। जिससे पढ़ने लिखने वाले बच्चों के अंदर असुरक्षा की भावना घर कर गई है। अध्यक्ष डॉ. सिकरवार ने कहा कि अब हालत इतने बिगड़ चुके हैं कि शिक्षक भी सुरक्षित नहीं हैं। शिक्षकों पर भी आए दिन हमले हो रहे हैं। जिला प्रशासन को इन घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए शिक्षण संस्थाओं के आसपास सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करना चाहिए। जिससे इस तरह की घटना की पुनरावृत्ति न हो और शिक्षक बिना भय के अध्यापन कर सके। यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। इस प्रकार के असुरक्षित माहौल में जहां कोचिंग सेंटर्स, स्कूलों में अपराधी खुलेआम गोलीबारी, मारपीट कर देते है, छात्रों, शिक्षकों की सुरक्षा पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। आज शिक्षण संस्थानों के आसपास का माहौल छात्र छात्राओं के लिए खतरनाक होता जा रहा है।

आये दिन छेड़छाड़ गोलीबारी व गैंगवार की घटनाएं होती रहती है। पालक इसे लेकर संगठन ने निर्णय लिया है कि शीघ्र ही कलेक्टर व एसपी से मिलकर शैक्षणिक संस्थानों के आसपास असमाजिक तत्वों पर कार्रवाई की मांग की जाएगी।

# बरसात के दौरान सर्पदंश बचने के लिए एडवाइजरी जारी

**मुरैना,कांस।** बरसात जहां भीषण गर्मी से लोगों को राहत पहुंचाती है, वहीं सापों का कहर भी इस मौसम में बढ़ जाता है। बारिश के साथ ही शहर व ग्रामीण इलाकों में सर्पदंश (सांप काटने) की घटनाएं बढ़ने लगती हैं। बरसात का पानी सांप के बिलों में भर जाता है तो वे बाहर आकर सुरक्षित स्थान खोजते हैं, ऐसे में कई बार सांप लोगों के घरों में घुसकर पनाह पाते हैं, जिससे सर्पदंश की घटनाएं बढ़ जाती हैं। 2020 के एक अध्ययन के अनुसार भारत में प्रति वर्ष औसतन लगभग 58 हजार लोगों की मौत सांप के काटने से होती है। बारिश के मौसम में बिलों से बाहर निकलने के बाद वो ज्यादातर खेतों में काम करने वाले लोगों को अपना शिकार बनाते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पद्मेश उपाध्याय ने बताया कि जंगली और ऊँची घास वाले क्षेत्रों में जाने से बचने का प्रयास करें, क्योंकि सांप ऐसे स्थानों पर आसानी से छिप सकते हैं। बरसात के दिनों में घर के अंदर रहें और बाहर जाने से बचें, क्योंकि सांप इस समय अधिक गमिशील होते हैं। लंबे बूट पहनें, ताकि सांप आपके पैरों पर न काट सकें।

**सर्पदंश के दौरान क्या करें, क्या न करें तथा बचाव हेतु सुझाव**

**क्या करें**

सबसे पहले जिस व्यक्ति को सांप ने काटा है, उस व्यक्ति की घबराहट को दूर करें, क्योंकि उसे जितनी घबराहट होगी, उतनी तेजी से उसके शरीर में जहर फैलता जायेगा। पीड़ित व्यक्ति को सोने न दें एवं किसी भी प्रकार की शारीरिक क्रिया न करने दें। एम्बुलेंस 108 पर कॉल करें। सर्पदंश से पीड़ित पुरुष या महिला के हाथ, पैरों से घड़ी, कड़ा, चूड़ी, बिछिया, कलावा या अंगूठी को निकाल दें। उसके कपड़े भी थोड़े ढीले कर दें। मरीज के हाथ या पैर में दंश से उचित दूरी पर एक हल्का कपड़ा या पट्टी (साड़ी की प्लेट की तरह से) बांध सकते है। जिससे जहर तेजी से न फैले और हृदय की ओर न बढ़े। मरीज के घाव से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ न करें। घाव को साबुन एवं साफ पानी से धोएं। मरीज को एंबुलेंस या किसी स्टैचर तक उठाकर ही ले जाएं, क्योंकि चलने-फिरने से लिम्फ नोड क्रियाशील होते है जिससे जहर तेजी से शरीर में फैलता है। पीड़ित व्यक्ति को नजदीक के चिकित्सालय ले जाएं, जहां पर डॉक्टर एवं एंटीवेनम उपलब्ध हो।

**क्या न करें**

सांप के जहर को कभी भी चूसकर निकालने की कोशिश न करें। अपने मन से किसी भी प्रकार की दवाई मरीज को न दें। पीड़ित व्यक्ति के सर्पदंश वाले भाग पर किसी भी प्रकार का मलहम न लगाएं। सपेरे अथवा तांत्रिक के चक्कर में न पड़े। सांप को अकेला छोड़ दें, कई बार सांप के नजदीक आने के कारण लोग सर्पदंश का शिकार बन जाते है।

# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को

## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के कार्यक्रम में जिला मुख्यालय पर कृषि मंत्री श्री कंषाना होंगे मुख्य अतिथि

## जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम टाउनहॉल मुरैना में होगा

**मुरैना,कांस।** 11वां अंतर्राष्टीय योग दिवस का कार्यक्रम 21 जून को किया जायेगा, जिसमें जिला मुख्यालय पर होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री ऐदल सिंह कंषाना होंगे। यह कार्यक्रम अब टाउनहॉल मुरैना में संपन्न होगा। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिक, कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना, योग दिवस के नोडल श्री कमलेश कुमार भार्गव उपस्थित रहेंगे।

**मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम**

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रातः 06 बजे से मंच पर मुख्य अतिथि का आगमन एवं स्वागत, 6.10 से जनप्रतिनिधियों का उदबोधन, 6.20 से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के उदबोधन का सीधा प्रसारण, 6.30 बजे से विशाखापट्टनम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के उद्बोधन का सीधा प्रसारण और 7.00 बजे से सामान्य योग प्रोटोकॉल का योगाभ्यास होगा।

# ई-केवायसी पूर्ण किये गये शासकीय सेवकों का ही माह जून 2025 का वेतन आहरण होगा

## वेतन देयकों के साथ एक प्रमाणीकरण संलग्न करें

**मुरैना,कांस।** राज्य शासन के निर्देशानुसार समस्त शासकीय सेवकों को आई.एफ.एम.आई.एस. के अंतर्गत एम्पलोई सेल्फ सर्विस प्रोफाइल के माध्यम से समग्र आई.डी. की आधार के साथ लिंक किये जाने के निर्देश प्रदाय किये गए हैं। निर्देशों के तहत जिला कोषालय अधिकारी श्री पवन कुमार शर्मा ने बताया कि सत्यापन कार्य अभियान के रूप में संचालित किया गया है, इन प्रयासों के फलस्वरूप अद्यतन स्थिति में लगभग 90 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया गया है। समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को माह जून 2025 तक अपने अधीन समस्त शासकीय सेवकों ई-केवायसी प्रक्रिया के तहत आई.एफ.एम.आई.एस. में समग्र आई.डी. का आधार के साथ मैपिंग का कार्य तत्काल पूर्ण करें। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अपने अधीन समस्त शासकीय सेवकों की ई-केवायसी प्रक्रिया के तहत आई.एफ.एम.आई.एस. में समग्र आई.डी. का आधार के साथ मैपिंग का कार्य तत्काल पूर्ण करायें। आई.एफ.एम.आई.एस. में सिर्फ ई-केवायसी पूर्ण किये गये शासकीय सेवकों का ही माह जून 2025 का वेतन आहरण किया जाना सुनिश्चित करें। वेतन देयकों के साथ एक प्रमाणीकरण संलग्न करें, कि देयक में ऐसा कोई अधिकारी-कर्मचारी नहीं है, जिसका आई.एफ.एम.आई.एस. में समग्र आई.डी. लिंक नहीं है।

# 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को मुफ्त में जीवन सहायक शारीरिक उपकरण मिलेंगे

**मुरैना,कांस।** राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) बीपीएल श्रेणी से संबंधित वरिष्ठ नागरिकों के लिए शारीरिक सहायता और सहायक उपकरण प्रदान करने की एक योजना है। यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जो पूरी तरह से केंद्र सरकार द्वारा वित्त पोषित है। योजना के कार्यान्वयन के लिए व्यय ÷वरिष्ठ नागरिक कल्याण कोष÷ से पूरा किया जाता है।इस योजना को एकमात्र कार्यान्वयन एजेंसी कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत एक सार्वजनिक उपक्रम के माध्यम से लागू किया जाता है। कलेक्टर श्री अंकित अस्थाना के मार्गदर्शन में प्रभारी डिप्टी कलेक्टर एवं उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत शारीरिक सहायता केवल देश के वरिष्ठ नागरिकों को ही प्रदान की जाती है।इसका मतलब है कि 60 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को मुफ्त में जीवन सहायक उपकरण शारीरिक उपकरण मिलेंगे, जो उनके जीवनयापन के लिए आवश्यक हैं। जिनमें समर्थित डिवाइस, चलने की छड़ी, कोहनी वैसाखी, वॉकर/वैसाखी, ट्राइपॉड/क्वाडपॉड, कान की मशीन, व्हीलचेयर और अन्य उपकरण दिये जायेंगे। साथ ही सरकार ने उन शहरों की सूची भी चुन ली है, जहाँ इस योजना को लागू किया जाएगा। राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) योजना का पूरा लाभ पाने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए मुख्य मानदंड यह है कि वे बीपीएल परिवार से संबंधित हों और उनके पास संबंधित प्राधिकरण द्वारा जारी वैध बीपीएल कार्ड होना चाहिए।

# अम्बाह अनुभाग की ग्राम पंचायतों में पीडीएस की दुकान के लिए आवेदन 22 जून तक

**मुरैना,कांस।** अम्बाह अनुभाग की ग्राम पंचायतों में पात्र संस्थाओं से निरस्त दुकान विहीन एवं अतिरिक्त 800 परिवार से अधिक वाली नवीन शासकीय उचित मूल्य दुकान आवंटन के तहत 21 मई से 27 मई 2025 तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये थे। किन्तु सर्वर की समस्या होने के कारण पोर्टल ठीक से कार्य नहीं कर सका। जिसके कारण 30 मई 2025 तक आवेदन की अंतिम तिथि तक वृद्धि की गई थी। अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अम्बाह ने बताया कि कुछ पंचायतो में एक भी आवेदन प्राप्त न होने से तथा जनसुनवाई में भी आवेदन प्राप्त होने से विज्ञापन की अंतिम तारीख 21 जून से 22 जून 2025 तक की जाती है। विस्तृत निर्देश एवं रिक्त पंचायतों की सूची बेवसाइट https://rationmitra.nic.in पर अवलोकन किये जा सकते है। शेष शर्तें पूर्व में जारी विज्ञापन के अनुसार यथावत रहेगी।


## झांसी-लालकुआँ जं. साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी का संचालन

भारतीय रेल द्वारा अपने सम्मानित रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए निम्नलिखित साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी के संचालन का निर्णय लिया गया है, जिसका विवरण निम्नवत् हैः-

**गाड़ी संख्या 04181/04182 झांसी-लालकुआँ जं.-झांसी साप्ताहिक विशेष रेलगाड़ी**

| 04181 झांसी-लालकुआँ जं. | | | 04182 लालकुआँ जं.-झांसी | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | आगमन | प्रस्थान |
| (मंगलवार) | 20:15 | वी. लक्ष्मीबाई झांसी | 02:05 | (गुरूवार) |
| 20:40 | 20:42 | दतिया | 01:00 | 01:02 |
| 21:10 | 21:12 | डबरा | (गुरू)00:05 | 00:07 |
| 22:20 | 22:25 | ग्वालियर जं. | 23:00 | 23:05 |
| 23:00 | 23:02 | मुरेना | 22:15 | 22:17 |
| (बुध)00:48 | 00:50 | धौलपुर जं. | 21:48 | 21:50 |
| 01:25 | 01:30 | आगरा छावनी | 20:40 | 20:45 |
| 02:45 | 02:55 | मथुरा जं. | 19:45 | 19:55 |
| 03:10 | 03:15 | मथुरा छावनी | 19:00 | 19:05 |
| 03:45 | 03:47 | हाथरस सिटी | 18:00 | 18:02 |
| 04:50 | 04:55 | कासगंज जं. | 17:05 | 17:15 |
| 06:00 | 06:05 | बदायूँ | 15:45 | 15:50 |
| 07:05 | 07:10 | बरेली जं. | 14:45 | 14:50 |
| 07:20 | 07:25 | बरेली सिटी | 14:20 | 14:25 |
| 07:40 | 07:45 | इज़्ज़तनगर | 14:00 | 14:05 |
| 08:30 | 08:32 | बहेड़ी | 13:04 | 13:06 |
| 08:53 | 08:55 | किच्छा | 12:43 | 12:45 |
| 09:35 | (बुधवार) | लालकुआँ जं. | (बुधवार) | 12:20 |

●**झांसी से** गाड़ी संख्या 04181, **दिनांकः** 24.06.2025 से 05.08.2025 (प्रत्येक मंगलवार) ●**लालकुआँ जं. से** गाड़ी संख्या 04182, **दिनांकः** 25.06.2025 से 06.08.2025 (प्रत्येक बुधवार)

**गाड़ी संरचना** सामान्य श्रेणी-04, स्लीपर श्रेणी-10, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी-03, वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी-01

**नोटः ट्रेनों की समय-सारणी से सम्बन्धित जानकारी हेतु हेल्पलाइन 139 या Rail Madad Mobile Aap या वेबसाईट www.railmadad.indianrailways.gov.in का प्रयोग करे।**

**उत्तर मध्य रेलवे**

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @CPRONCR 1070/25(MG)



# 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस-2025

*'एक पृथ्वी-एक स्वास्थ्य के लिए योग'*

*'Yoga for One Earth-One Health'*



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

## "योग संगम"

सामूहिक योग अभ्यास कार्यक्रम

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा उद्बोधन (वर्चुअल माध्यम से)

प्रातः 6:00 बजे | अटल पथ, तात्या टोपे नगर, भोपाल

खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर

**राष्ट्रीय मंथन कार्यशाला**

वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला के

**आधुनिक तारामंडल का लोकार्पण**

दोपहर 12:00 बजे | डोंगला, उज्जैन



गरिमामयी उपस्थिति

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

## 21 जून, 2025



*"भारत की प्राचीनतम विद्या 'योग' निरोगी शरीर, उत्तम स्वास्थ्य और ऊर्जा प्राप्ति का अक्षय स्रोत है। हम भारत के प्राचीन ज्ञान की विरासत, जिसने भारत को हजारों वर्षों से समृद्ध बनाये रखा है, उसे न केवल संरक्षित करने बल्कि उसके वैज्ञानिक पक्ष को आधुनिक दृष्टिकोण से परिभाषित किये जाने के प्रतिबद्ध प्रयास कर रहे हैं।"*

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

D-11049/25

मध्यप्रदेश सरकार की अनूठी पहल के तहत अपनी तरह की पहली कार्यशाला में 200 से अधिक विद्वान ज्योतिषाचार्य सम्मिलित होकर करेंगे खगोल विज्ञान एवं भारतीय ज्ञान परम्परा पर मंथन

डोंगला स्थित वराहमिहिर खगोलीय वेधशाला में बनकर तैयार हुए आधुनिक तारामंडल में सौर मंडल के दृश्यों का अवलोकन किया जा सकेगा

इस तारामंडल के माध्यम से खगोलीय घटनाओं की जानकारी का रुचिकर प्रदर्शन लोगों को खगोल विषय के ज्ञान से परिचित करायेगा

योग शिविर, शून्य छाया अवलोकन, साइंस शो, स्टेम वर्कशॉप का आयोजन

सीधा प्रसारण webcast.gov.in/mp/cmevents

@Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh

@Cmmadhypradesh @jansamparkMP

JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी

आकल्पन : मध्यप्रदेश माध्यम/2025